ज्ञानामृत

दुख और वेदना के अथाह सागर वाले इस संसार में प्रेम की अत्यधिक आवश्यकता है।

▶▶ डॉ. रामकुमार वर्मा

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, सोमवार 31 मार्च 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 105 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 5.00/-

### नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को दिया बड़ा मंत्र, बोले-

# आत्म-विकास पर एक जबकि समाज विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए

**नागपुर, एजेंसी**

महाराष्ट्र के नागपुर में एक सभा को संबोधित करते समय संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं।



### पीएम मोदी ने भी संघ की जमकर सराहना की

भागवत से पहले पीएम मोदी ने भी भारत में संघ की भूमिका को रेखांकित किया। नागपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। आज भारत का युवा विश्वास से भरा हुआ है। राष्ट्र निर्माण की भावना से ओत-प्रोत हमारे युवा आगे बढ़े चले जा रहे हैं। यही युवा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ध्वजा थामे हुए हैं।

## सरकार्यवाह होसबोले बोले: संघ उपेक्षा और उपहास से स्वीकार्यता की तरफ बढ़ा है

संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने रविवार को कहा कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के एक आंदोलन के रूप में शुरू हुए संघ ने उपेक्षा और उपहास से जिज्ञासा और स्वीकार्यता तक का रास्ता तय किया है। उन्होंने संगठन के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों से संघ में शामिल होने की अपील की। विश्व संवाद केंद्र भारत की वेबसाइट पर प्रकाशित एक लेख आरएसएस एट 100 में उन्होंने कहा, संघ किसी का विरोध करने में विश्वास नहीं करता है और उसे विश्वास है कि संघ का विरोध करने वाला व्यक्ति एक दिन संघ में शामिल हो जाएगा।



सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से लेकर हिंसक संघर्षों तक कई चुनौतियों से जूझ रही है, तो भारत का प्राचीन ज्ञान समाधान देने में सक्षम है। उन्होंने कहा, यह चुनौतीपूर्ण काम तभी संभव है जब भारत माता की हर संतान इस भूमिका को समझे और एक ऐसा घरेलू मॉडल बनाने में योगदान दे, जिसका दूसरे लोग भी पालन करें। उल्लेखनीय है कि विश्व संवाद केंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक मीडिया सेंटर है। साल 1925 में विजयादशमी के अवसर पर संघ की स्थापना हुई थी।

## आज हम देख रहे कि भारत कैसे गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा: मोदी

### पीएम ने दी संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार को श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुड़ी पड़वा के दिन नागपुर पहुंचे। यहां उन्होंने रेशिमबाग स्थित आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मोदी ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मोदी के इस दौरे को यादगार बनाने के लिए भाजपा ने 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की थी। इस दौरान पीएम मोदी एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि जब प्रयासों के दौरान मैं नहीं हम का ध्यान होता है, जब राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि होती है, जब नीतियों में, निर्णयों में देश के लोगों का हित ही सबसे बड़ा होता है, तो सर्वत्र उसका प्रभाव भी नजर आता है। आज हम देख रहे हैं कि भारत कैसे गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर परोपकार के लिए ही है, सेवा के लिए ही है।

---

### काम की खबर

### सीबीएसई का नया पाठ्यक्रम जारी

## परियोजना-आधारित शिक्षण, जांच-प्रेरित दृष्टिकोण और तकनीकी शिक्षा पर फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 9 से 12 तक के लिए पाठ्यक्रम जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक अब सीबीएसई की आधिकारिक अकादमिक वेबसाइट पर जाकर इस पाठ्यक्रम को देख सकते हैं।




सीबीएसई के अकादमिक निदेशक डॉ. प्रज्ञा एम. सिंह ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में शैक्षिक सामग्री, परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम, सीखने के परिणाम, अनुशंसित शैक्षिक प्रथाएं और मूल्यांकन फ्रेमवर्क पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सीबीएसई ने विद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे पाठ्यक्रम के दिशा-निर्देशों का पालन करें और विद्यार्थियों के लिए अनुभवात्मक शिक्षण, कौशल-आधारित मूल्यांकन और अंतरविषयक दृष्टिकोण को एकीकृत करें। ताकि छात्रों का संज्ञानात्मक समझ और आवेदन बढ़ सके।

### स्नातक की पढ़ाई में अप्रेंटिसशिप अनिवार्य

## यूजीसी ने रोजगार से जोड़ने के लिए तैयार की गाइडलाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सभी स्नातक विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से अप्रेंटिसशिप करनी होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में पहली बार अप्रेंटिसशिप गाइडलाइन जारी की है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू होगी। इसमें छात्रों को उद्योगों में रोजगार के लिए तैयार करना, संस्थान व उद्योग के बीच तालमेल बढ़ाने और कौशल की कमी दूर करने के लिए काम करना होगा।




नए दिशा-निर्देश के तहत तीन वर्षीय डिग्री में एक से तीन सेमेस्टर और चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम में दो से चार सेमेस्टर अप्रेंटिसशिप के रहेंगे। तीन महीने की अप्रेंटिसशिप में विद्यार्थियों को 10 क्रेडिट स्कोर भी मिलेंगे। यह कदम छात्रों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। उच्च शिक्षण संस्थान उद्योगों में मौजूद सुविधाओं के आधार पर अप्रेंटिसशिप की सीट तय कर सकेंगे। संस्थानों को अप्रेंटिसशिप के लिए सीधे राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

### गूगल ने एंड्रॉइड यूजर्स को दी वार्निंग!

## थर्ड पार्टी एप से डाटा चोरी के साथ आर्थिक नुकसान भी संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगर आप भी अपने फोन में थर्ड-पार्टी ऐप्स डाउनलोड करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। गूगल ने एंड्रॉइड यूजर्स को चेतावनी दी है कि अगर वे Google Play Store के अलावा किसी और प्लेटफॉर्म से ऐप डाउनलोड करते हैं, तो उनका स्मार्टफोन मालवेयर अटैक का शिकार हो सकता है।




इससे न केवल आपका डेटा चोरी हो सकता है, बल्कि आपको आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ सकता है। हाल ही में गूगल ने 300 से अधिक ऐसी ऐप्स को बैन किया, जो Android 13 के सिक्योरिटी फीचर्स को बायपास कर रही थीं। इन ऐप्स को अब तक 6 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका था। ये ऐप्स यूजर्स से निजी जानकारी चुराने के लिए फर्जी एड दिखाती थीं और फिशिंग अटैक के जरिए क्रेडिट कार्ड की डिटेल्स चुराने की कोशिश कर रही थीं। गूगल ने कहा है कि वह प्ले स्टोर पर फर्जी और खतरनाक ऐप्स को आने से रोकने के लिए नए कदम उठा रहा है।

---

### उज्जैन सहित धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से होगी शराबबंदी

# पथ सही होने पर शपथ होती है सफल : सीएम डॉ. मोहन

**विजय मत, ब्यूरो उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विक्रम संवत चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर पावन पुनीत अवंतिका में देश भर से शपथ अनुष्ठान पर्व में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत है। उज्जैन में भगवान श्री महावीर स्वामी ने तपस्या की है। तपस्या का पथ सही होने पर शपथ सफल होती है। मानव जीवन संक्षिप्त समय का है, इसलिए जितना भी समय है, उसे हम परमार्थ के कार्य और सभी जीवों की सेवा में लगाना चाहिए। परमार्थ के कार्य कर मानव महापुरुष हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार विकास के कार्य सांस्कृतिक समन्वय से कर रही है। इसी क्रम में उज्जयिनी और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराबबंदी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उज्जैन का नाम संपूर्ण देश-प्रदेश में गौरवान्वित करने पर नागरिक अभिनंदन किया गया।

### विक्रम संवत् 2082 के आरंभ पर सूर्य को अर्घ्य देकर मुख्यमंत्री मोहन ने की पूजा अर्चना




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में प्रातः भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य दिया और हिंदू नव वर्ष पर विक्रम ध्वज, गुड़ी का दत्त अखाड़ा घाट पर पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को भारतीय नववर्ष की मंगलकामनाएं दी।

---

## जैसे किचन तक पाइप से पानी पहुंच रहा है, वैसे अब गैस भी पहुंचेगी: पीएम मोदी

### पीएम ने किए 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च

**विजय मत, ब्यूरो बिलासपुर**

बिलासपुर में पीएम मोदी ने 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए। इस दौरान मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में भर्ती परीक्षाओं में खूब घोटाले हुए। भाजपा सरकार ने घोटालों को लेकर जांच बिठाई। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था खस्ताहाल थी। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घरों में जीरो बैलेंस के लिए पीएम सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाकर यूज के साथ बेच भी सकेंगे। वहीं पीएम ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा। हम अभी 2 लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।



## पीएम मोदी के आशीर्वाद से भ्रष्टाचारी कांग्रेस को जनता ने उखाड़ फेंका: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा ने कहा कि ऊर्जा, रेलवे, सड़क, आवास और शिक्षा के सेक्टर में 33 हजार 700 करोड़ की सौगात देंगे, जिससे विकास को तेज गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ सौभाग्य शाली है। साय ने कहा कि कि आपने छत्तीसगढ़ की जनता से आह्वान किया था कि उस समय की भ्रष्टाचारी कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना है। जनता ने आपके आह्वान और आपकी गारंटी पर भरपूर भरोसा जताया। आपके विश्वास के कारण हम विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर डबल इंजन की सरकार बना पाए। साय ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनाने के बाद मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास सरकार में हुआ, इसलिए स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव में जनता का भरपूर आशीर्वाद हमारी पार्टी को मिला।

---

### द न्यू सिक्स हिटिंग मशीन



## मप्र के अनिकेत वर्मा ने सन राइजर्स हैदराबाद के लिए जड़े 41 गेंदों पर 74 ताबड़तोड़ रन

**विजय मत,भोपाल**

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए अनिकेत वर्मा ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से 41 गेंदों पर शानदार 74 रनों की तूफ़ानी पारी खेली। अनिकेत मध्यप्रदेश से हैं।

---

### अब 5.1 तीव्रता का भूकंप

## तीसरे दिन भी कांप रही म्यांमार की धरती, अब तक 1700 की मौत

**म्यांमार, एजेंसी**

म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है।



रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था। लगातार आ रहे झटकों से लोगों में दहशत है। म्यांमार सागाइंग फॉल्ट पर स्थित है, जो इंडिया प्लेट और सुंडा प्लेट को अलग करता है, जिस वजह से यहां भूकंप का खतरा बना रहता है।

---

**विजय मत एंकर** राष्ट्रव्यापी सर्वे में खुलासा: 42 प्रतिशत आयुष्मान भारत योजना से पूरी तरह अनजान

# भारत में 82 फीसदी दिव्यांगों के पास नहीं है कोई बीमा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में 82 फीसदी दिव्यांगों के पास किसी भी प्रकार का बीमा नहीं है। इतना ही नहीं 42 फीसदी दिव्यांगजन सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य योजना- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से पूरी तरह अनजान हैं। यह खुलासा अधिकार समूहों द्वारा किए गए एक राष्ट्रव्यापी सर्वे में हुआ है। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय दिव्यांगजन नेटवर्क की एक बैठक हुई, जिसमें 20 से अधिक राज्यों के नागरिक समाज समूह और दिव्यांगजन अधिकार संगठन शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकार समूहों ने दिव्यांगों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसमें दिव्यांगों के पास बीमा न होने और आयुष्मान भारत योजना की जानकारी न होने का निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया।

राष्ट्रीय दिव्यांगजन रोजगार संवर्धन केंद्र द्वारा आयुष्मान फॉर ऑल अभियान के तहत सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 5,000 से अधिक दिव्यांगों से प्रतिक्रियाएं ली गईं। इस योजना का उद्देश्य कमजोर वर्ग को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। इसके बावजूद केवल 28 फीसदी दिव्यांग ही इसके लिए आवेदन कर पाए हैं। कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा कि ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उन लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो आवश्यक स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेषाधिकार नहीं, बल्कि उनके जीवनयापन की जरूरत है।



### दिव्यांगजनों के लिए बिना शर्त कवरेज बढ़ाने की मांग

बैठक में, विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य बीमा तक पहुंच में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की। मल्टीपल स्केलेरोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव संदीप चिटनिस ने कहा, 'जब आपको विकलांगता का पता चलता है, तो बीमा प्राप्त करना लगभग असंभव हो जाता है। हमें एक ऐसा सिस्टम चाहिए जो लोगों को उनकी विकलांगता के लिए दंडित न करे।' एनडीएन ने केंद्र सरकार से आयुष्मान भारत के तहत दिव्यांगजनों के लिए बिना शर्त कवरेज बढ़ाने की मांग की।

---

## मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में छह महीने के लिए बढ़ाया गया अफस्पा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है।



कार्यालय: भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट



### यातायात नियम खनिज अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही

उमरिया। नौरोजाबाद थाना क्षेत्रांतर्गत कोयले के ओव्हरलोड परिवहन और टीपी न होने के कारण यातायात और खनिज विभाग तथा तहसीलदार नौरोजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में परिवहन विभाग व्दारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान तीन ट्रको पर कार्यवाही की गई। बिना उचित टीपी के गिटटी का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर ट्राली को खनिज विभाग और नौरोजाबाद तहसीलदार के साथ मिलकर थाने मे सुपुर्द करवाया गया ।

### गर्मी से करें बचाव, याद रखें ये सुझाव, लू से बच कर रहें,सतर्क रहें

उमरिया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा डॉ0 एस0 बी0 चौधरी ने गर्मी से बचाव हेतु न्यू एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि माह मार्च से जुलाई तक तापमान में बढोत्तरी होती है। साथ ही ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृध्दि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया डॉ0 एस0 बी0 चौधरी द्वारा बताया गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार जिला अस्पताल में 05 बिस्तर एवं सभी सीएचसी में 02 बिस्तर गर्मी की बीमारी से संबंधित मरीजों के लिये आरक्षित किये गये हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है ।जिला स्तर पर, विकासखण्ड पर कलेक्टर के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके नोडल मानपुर में बीएमओ डॉ0 एन पी जैसल , करकेली में बीएमओ डॉ0 व्ही एस चंदेल, पाली में बीएमओ डॉ0 निशांत सिह परिहार से संपर्क करें। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्ड में शीतलता हेतु कूलर अथवा अन्य संभव उपाय किया गया है। लू से उपचार हेतु लू मैनेजमेंट किट में सम्मिलित आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कार्नर की व्यवस्था की गई है।, सभी बीपीएम/बीसीएम/बीईई/सेक्टर सुपरवाइजर/सब सेटर में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारी सीएचओ एएनएम आशा द्वारा संबंधित स्वास्थ्य संस्था में आने वाले समस्त मरीजों पर लू के लक्षण की सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला नोडल अधिकारी डॉ0 मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया है कि लू. हीट स्ट्रोक शरीर की वह अवस्था है जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40०0 डिग्री सेल्सियस ;104 डिग्री फारेनहाइट द्ध के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे.धीरे। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये ।छोटे बच्चों को कपड़े से ढककर छाया वाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है जिसके कारण त्वचा पर कई बार खुजली कि होने लगती है और गर्मी से एलर्जी हो जाती है और लाल हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली करने के कारण बहुत लाल हो जाती है। शरीर की त्वचा पर घुमन सी होती है जिसके कारण इसे कांटेदार गर्मी भी कहा जाता है।

### 65 वर्षीय विनोद पांडे सेवानिवृत्ति के बाद भी साइकिल चलाकर रखते हैं खुद को फिट

उमरिया। पहला सुख निरोगी काया यह कहावत उमरिया नगर के 65 वर्षीय विनोद पांडे जी पर पूरी तरह सटीक बैठती है। सेवानिवृत्त होने के बावजूद वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हैं और फिट रहने के लिए रोजाना साइकिल चलाते हैं। उनका मानना है कि साइकिल चलाना न केवल एक अच्छा व्यायाम है, बल्कि यह उन्हें वही खुशी देता है जो बचपन में मिलती थी।विनोद पांडे जी का दिन साइकिलिंग से शुरू होता है। वे अपने रोजमर्रा के सभी कार्य साइकिल के माध्यम से ही निपटाते हैं। चाहे बाजार जाना हो, किसी दोस्त से मिलना हो या फिर सुबह की सैर, वे हर जगह अपनी साइकिल से ही जाते हैं। उनका मानना है कि इससे उनका शरीर सक्रिय बना रहता है और बीमारियां पास नहीं आतीं। विनोद जी बताते हैं, फ्साइकिल चलाने से मेरा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। जब मैं साइकिल चलाता हूं, तो मुझे वही आनंद महसूस होता है जो बचपन में आता था। यह मेरी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है। साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी मदद करती है। विनोद पांडे जी का मानना है कि यदि लोग अधिक साइकिल चलाएं, तो ईंधन की खपत कम होगी और प्रदूषण भी घटेगा। उनके इस प्रयास को देखकर नगर के कई युवा भी प्रेरित हो रहे हैं। विनोद पांडे कहते हैं कि आजकल की व्यस्त जीवनशैली में लोग व्यायाम के लिए समय नहीं निकाल पाते, लेकिन साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करके वे खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। वे युवाओं को सलाह देते हैं कि वे साइकिल चलाने की आदत डालें ताकि वे फिट और ऊर्जावान बने रहें।

### ई आफिस के लिए ईमेल आईडी आज अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं -कलेक्टर

रीवा। प्रशासनिक कार्यों तथा फाइलों के निराकरण के लिए ई आफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इसके माध्यम से फाइलें ऑनलाइन एक विभाग से दूसरे विभाग तथा एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास जाएंगी। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से इनका निराकरण होगा। इसके लिए फाइलों पर टीप अंकित करने वाले अधिकारियों और कार्यालय सहायकों की ईमेल आइडी तैयार की जा रही है। ईमेल आईडी पर ही फाइलें प्राप्त होंगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को 31 मार्च तक ई आफिस व्यवस्था के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ई मेल आईडी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## देवी मंदिरों मे नवरात्रि की बैठकी पर भारी भीड़ रही

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की हुई आराधना

**विजय मत, उमरिया।**

चैत्र नवरात्रि पर्व के प्रथम माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। नगर के ज्वालामुखी मंदिर, अन्ना पूर्णा देवी मंदिर, वैश्णों देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रध्दालु पट खुलने के पूर्व ही मंदिर पहुंच चुके थे और जैसे ही मां के श्रृंगार के बाद पट खोले गए शंख-घडियालों की गूंज और मातारानी के जयघोष गगन मंडल मे प्रतिध्वनित होने लगे। नवरात्रि के श्रृंगार के बाद मां की शोभा देखते ही बनती है। बिरसिंहपुर पाली के अलावा मां ज्वालामुखी मंदिर उमरिया,मां ज्वालामुखी मंदिर उचेहरा, मानपुर, बहरा धाम और चंडिका धाम चंदिया मे भी विधि विधान से घट स्थापना की गई। देवी मंदिरों मे नवरात्रि की बैठकी पर भारी भीड़ रही। श्रध्दालु सुबह स्नान इत्यादि कर पूजा की थालियां सजाए नंगे पांव मंदिरो मे पहुंचे जिसमें महिलाओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां भवानी के श्री चरणों मे जलार्पण कर शैलपुत्री स्वरूप की विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया, जल ढारने और पूजा का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना जवारा कलश की स्थापना की गई है। नौ दिनों तक माता की आराधना के बाद नवमी तिथि पर श्रद्धाभक्ति के साथ जवारा का विसर्जन किया जाएगा।





**विधायक बांधवगढ, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत ने चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर मां विरासिनी की पूजा अर्चना**

चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर नवरात्र के प्रथम दिन विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन तथा सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी मंदिर में पूजा अर्चना की तथा घट स्थापित किया एवं जिले तथा प्रदेश के विकास एवं जिलावासियो एवं प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की कामना की । मां विरासिनी देवी में घट कलश स्थापना का विशेष महत्व माना जाता है । यहां रामनवमी के अवसर पर जवारे का आयोजन संपन्न होता है , जिसमें लाखों की संख्या में श्रध्दालु भाग लेते है । चैत्र नवरात्र में मां विरासिनी देवी मंदिर प्रांगण में नव दिवसीय मेला भरता है। जिसमें जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर प्रदेश के अन्य जिलों तथा अन्य प्रदेशों से व्यापारी भी आते है । इस अवसर पर एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार पाली डीलन सिंह मरावी , पुजारी , पत्रकार एवं बडी संख्या में श्रध्दालु उपस्थित रहे ।

## विगत 24 घंटे में उमरिया पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को प्रदेश के 2 जिलों से सकुशल दस्तयाब किया गया

**विजय मत, उमरिया।**

पुलिस अधीक्षक उमरिया श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा गुम बालक / बालिकाओं के प्रकरण में एसओपी के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करने हेतु निरंतर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है । पुलिस अधीक्षक उमरिया के द्वारा जारी निर्देश के पालन एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया व अनु. अधि. पुलिस पाली के मार्गदर्शन में उमरिया पुलिस टीम (थाना नौरोजाबाद) द्वारा विगत 24 घंटे में थाने में वर्ष 2025 में दर्ज हुये 2 प्रकरणो में गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को जिला रायसेन एवं खंडवा से सुरखित ढूंढकर वापिस लाने में सफ्लता हाथ लगी है ।

फरियादी निवासी ग्राम उजान के द्वारा थाना नौरोजाबाद में अपनी 16 वर्षीय बच्ची के घर से करकेली बाजार जाने एवं लौटकर वापिस न आने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस पर थाना नौरोजाबाद में अपराध क्रमांक 55/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । इसी प्रकार 21.03.2025 को फरियादी निवासी सस्तरा द्वारा अपनी 17 वर्षीय बच्ची के परीक्षा में फेल हो जाने पर दुखी रहती थी । 20 मार्च को घर से कुछ काम का कहकर निकली पर वापिस नही लौटी रिपोर्ट पर थाना नौरोजाबाद में अपराध क्रमांक 87/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया ।



विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिकाओं की पता तलाश हेतु प्रयास शुरू किये गये, पूछताछ एवं भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकरण क्रमांक 55/25 की गुमशुदा बालिका के जिला रायसेन एवं 87/25 की गुमशुदा बालिका के जिला खंडवा में होने की जानकारी प्राप्त हुई । प्राप्त जानकारी पर तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया जिस पर पुलिस टीम को संबंधित स्थानो पर काफी प्रयासो के पश्चात बालिकाओं को सकुशल ढूंढने में सफ्लता हाथ लगी । इस प्रकार उमरिया पुलिस के प्रयासो से गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है । प्रकरण क्रमांक 55/25 में संदेही को भी अभिरक्षा में लिया गया है जिसकी भूमिका ज्ञात किये जाने हेतु कार्यवाही जारी है । जिला रायसेन से बालिका को खोजने में थाना नोरोजाबाद से प्र.आर. राजेश सौंधिया, प्र.आर. कामता सिंह, म. आर. प्रीति एवं जिला खंडवा से बालिका को खोजन में थाना नौरोजाबाद से उनि वेदप्रकाश, म.आर. शाहीन बी की सराहनीय भूमिका रही है इसके साथ-साथ दोनो टीमों की सहायता हेतु सायबर सेल से संदीप सिंह का योगदान रहा ।



## नल योजना की सामग्री चोरी करने करने वाला आरोपी पाली थाना पुलिस टीम ने किया गिरतार

**विजय मत, उमरिया।**

एमपीईबी कालोनी मंगठार फरियादी कामता प्रसाद मिश्रा निवासी द्वारा थाना पाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गोदाम में नल य़ोजना के तहत सामग्री जिसमें फाल्कन समर्शियल पंप व मोटर 02 नग रखी हुई थी कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर थाना पाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 145/ 25 धारा 331(4) 305 (ए )बी एन एस कायम कर विवेचना में लिया जाकर अज्ञात आरोपी की पता तलाश शुरू की गई है । प्रकरण में नियमानुसार संदेहियो एवं आदतन अपराधियों से पूछताछ शुरू की गई साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया । पुलिस टीम द्वारा संदेहियों से की जा रही पूछताछ में प्राप्त हुई जानकारी एवं मुखबिर द्वारा मिली जानकारी अनुसार संदेही अंकित साहू से बारीकी से पूछताछ की गई जिसके द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुये बतलाया गया कि उसके द्वारा गोदाम में रखी दो नग फाल्कन कंपनी की समर्सिबल पंप को चोरी कर अपने दोस्त संदीप असाटी निवासी पाली प्रोजेक्ट के यहां घर में रख दिया गया एवं मौका मिलते ही बहा से अन्यत्र कही छिपाने , बेचने के फिराक में था पुलिस टीम की तत्परता से दोनो आरोपी को मसरूका सहित गिरतार कर लिया गया । 'गिरतार आरोपी' के नाम अंकित साहू पिता स्वर्गीय कंछेदी लाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 झिरिया मोहल्ला पाली है। कार्यवाही में थाना प्रभारी पाली निरीक्षक मदनलाल मरावी, सहायक उप निरीक्षक ताराचंद बघेल, प्रधान आरक्षक कमलेश अहिरवार, आरक्षक धर्मेंद्र मिश्रा एवं सायबर सेल से संदीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के समुचित क्रियान्वायन संस्था गत व्यवस्था और सहभागी हेतु पाली जनपद स्तरीय समिति गठित

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के समुचित क्रियान्वयन संस्थागत व्यवस्था और सहभागी हेतु जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर समन्वयक, अनुविभागीय अधिकारी वन, सीएमओ पाली समन्वयक , अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग पाली, सीएमओ पाली, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकीय , लोक स्वा0 यांत्रिकीय विभाग पाली, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी पाली, वरिष्ठ किसान कल्याण तथा .षि विभाग पाली, पूजा सिंह सरपंच मलहद्, सत्य,वती बैगा सरपंच पहडिया, कैलाश सिंह सरपंच हथपुरा, अगसिया बाई सरपंच ग्राम पंचायत औढेरा, पुरूर्षोत्तम सिंह सरपंच बरदढार, व्दारिका सिंह सरपंच ग्राम पंचायत चौरी, लोकनाथ सिंह ग्राम पंचायत मलियागुडा, मनीष सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत पाली, पुष्पेन्द्र सिंह मां वैष्णव लक्ष्मी सेवा समिति पाली तथा माया उपाध्याय नंदनी समाज कल्याण संस्थान पाली सदस्य शामिल है।

**प्रधानमंत्री की मन की बात का उप मुख्यमंत्री ने श्रवण किया**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम श्मन की बातश् का रीवा से जबलपुर मार्ग में यात्रा के दौरान का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहता है।

### 21 एवं 22 मार्च की परीक्षाएं होंगी दोबारा

उमरिया। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय उमरिया में पूरक परीक्षा 2024 आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना द्वारा एनईपी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. जो 21 एवं 22 मार्च 2025 को आयोजित मेजर/माईनर/ओपन इलेक्टिव/आधार पाठ्यक्रम के प्रश्न पत्र कतिपय कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। जिसकी परीक्षा समय सारणी पृथक से घोषित की गई है। नवीन समय सारणी महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है, जिसका अवलोकन कर पात्रतानुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

## ब्रम्हध्वज की स्थापना तथा सूर्य उपासना के साथ विक्रमोत्सव का हुआ शुभारंभ

**विजय मत, उमरिया।**

प्रदेश सरकार की पहल पर जिले में नव वर्ष विक्रम संवत का कार्यक्रम सामुदायिक भवन उमरिया में अतिथियों व्दारा ब्रम्हध्वज की स्थापना तथा सूर्य उपासना के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलेश्वर मिश्रा ने कहा कि विक्रमादित्य की छवि एक सार्वभौमिक सम्राट की थी । जो केवल राजनैतिक .ष्टि से ही नही बल्कि सांस्.तिक साहित्यिक और न्यायिक रूप से भी अव्दितीय थे । आपनें नूतन हिंदू नव वर्ष तथा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन सांस्.तिक एवं ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है । विधायक बांधवगढ ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य एक सार्वभौमिक महानायक थे । उन्होने राज्य विस्तार के साथ ही अपनी न्यायप्रियता तथा राज्य संचालन से जनता का मन मोह लिया था । उनकी छवि एक आदर्श राजा की थी , उनके नव रत्नों व्दारा कला, संस्.ति और ज्ञान का अदभुत विकास किया गया ।






कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा भारतीय संस्.ति , धर्म एवं कला के संरक्षण की दिशा में उठाया गया , यह एक महत्व पूर्ण कदम है । आपने कहा कि प्रतिपदा का पर्व देश के विभिन्न स्थानों में अलग अलग तरीकों में मनाया जाता है । आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि हिंदू नववर्ष का पर्व हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जोड़ता है । उन्होने संगठित प्रशासनिक प्रणाली विकसित की जिसमें न्याय व्यवस्था, अर्थ व्यवस्था, रक्षा व्यवस्था और शिक्षा का विशेष महत्व था । विक्रमोत्सव नव वर्ष के अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य का मंचन किया गया। उपस्थित जनों ने नाट्य मंचन का लुत उठाया तथा तालियो की गड़गड़ाहट से कलाकारों का सम्मान कियां। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले,नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, पार्षद, मिथिलेश मिश्रा, दिलीप पांडेय, मान सिंह, .ष्णाा जी, सुदामा पांडेय ,अखिलेश त्रिपाठी, धनुषधारी सिंह, तहसीलदार बांधवगढ सतीश सोनी, सिविल सर्जन डा के सी सोनी , जन अभियान के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडेय, उप संचालक .षि संग्राम सिंह, उप संचालक शिक्षा आर एस मरावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी झनक सिंह मरावी, सहित जनप्रतिनिधि , गणमान्य नागरिक , विद्यार्थी , शिक्षक , शासकीय सेवक , पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा ने किया ।

**अभियान** विधायक बांधवगढ, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर जल संरचना के संरक्षण हेतु बढाया हाथ

# जल गंगा संवर्धन अभियान का चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर हुआ आगाज

**विजय मत, उमरिया।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आव्हान पर चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर जिले के पाली जनपद पंचायत के ग्राम मलियागुडा में जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज मेढवरिया तालाब में श्रमदान के साथ हुआ ।जिसमें समाज के सभी वर्गो ने बढ चढकर हिस्सा लिया तथा अपनी जल संरचना के संरक्षण की शपथ ली।

जल गंगा संवर्धन अभियान को जन अभियान बनाने हेतु विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, दिलीप पांडेय,जनपद पंचायत अध्यक्ष पाली मनीष सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, सरपंच मलियागुडा लक्ष्मी सिंह, योगेश खंडेलवाल सहित जनपद सदस्योा, पंचों , ग्रामीणों तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों ने श्रमदान किया। तालाब का निर्माण 10 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत व्दारा कराया गया था।

विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना कुछ भी संभव नही है । प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव प्रदेश की जनता विशेषकर किसानो का जीवन सुविधायुक्त बनाना चाहती है । खेती किसानी बिना पानी के संभव नही है।



जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन आप सभी के सहयोग से किया जा रहा है । वर्षा के जल को बचाने , जल संरचनाओं का जीर्णोध्दार करने में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ हम सब सहभागी बनें ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पानी खत्म तो जीवन हजम। पानी की बचत भविष्य का सुखद संदेश लेकर आता है । हम सबको जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है । पानी की बूंद बूंद का उपयोग जीवन रक्षा तथा पेड पौधे, पशु पक्षी एवं फसल को बचाने के लिए किया जाना चाहिए । यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर संयुक्त प्रयास करें।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जल बचत है एक - जिसके लाभ है अनेक । पानी की बचत की आदत को हम सबको इबादत की तरह अपनाना चाहिए । हम स्वयं तो जल संरक्षण करें ही अपने आस पडोस , घर गांव , समाज के लोगों को भी जल संरक्षण हेतु प्रेरित करें । इस अभियान को जन अभियान बनाकर सभी लोग सहभागी बनें। दिलीप पांडेय ने कहा कि जल बचत है मेरा नाम- जीवन सुरक्षा है मेरा काम। जल से ही जीवन की सुरक्षा है । प्र.ति के संरक्षण के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण तत्व है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय राज्य मंत्री मेघवाल ने वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन किया

# वीर महापुरूषों की गौरव गाथाओं का संकलन होगा उज्जैन के वीर भारत संग्रहालय में : मोहन

विजय मत, भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले ÷वीर भारत संग्रहालय÷ का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरूषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पडने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का एक और अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से संग्रहालय के निर्माण हेतु शुभकामनाँ दी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र अनिल फिरोजिया, सांसद राज्यसभा बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, विधायक उज्जैन-उत्तर अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, महापौर नगर पालिक निगम मुकेश टटवाल निगम अध्यक्ष नगर पालिक निगम श्रीमती कलावती यादव और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला शामिल हुए।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित चंदन व्यास एवं उनके दल के द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथितियों का स्वागत किया गया। श्रीराम तिवारी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि भारतवर्ष के गौरवशाली और पराक्रमी अतीत से परिचय तथा प्रेरणा हमारे समय की अपरिहार्य आवश्यकता है। यह एक राष्ट्रव्यापी, महत्वाकांस्वप्न है, जिसे चरितार्थ करने के लिए वीर भारत संग्रहालय में भारत की तेजस्विता और पराक्रम के विभिन्न आयामों को व्यापक रूप से प्रस्तुत किये जाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। तेजस्विता और शौर्य हमारे जीवन, परंपरा, चित्त-वृत्ति, चिंतन-प्रकृति, दर्शन, जीवन मूल्य, आस्था और विश्वासों का स्वर है। हमारा प्रयास है कि वीर भारत संग्रहालय में राष्ट्र की सभी मंगलकारी दृष्टियों का प्रतिबिंबन हो। भारत वर्ष का प्रागैतिहास-पुरापाषाण काल, पूर्व वैदिक, वैदिक/उपनिषद, सरस्वती सिंधु घाटी सभ्यता, उत्तर वैदिक, श्रीराम के पूर्वज, श्रीकृष्ण के पूर्वज, रामायण काल, महाभारत काल, प्राचीन भारत की जनजातियों, महाजनपद काल, गौतम बुद्ध, महावीर, आदि शंकराचार्य, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट विक्रमादित्य काल, सातवाहन, गुप्त साम्राज्य, चोल, पल्लव, भोजदेव, मध्ययुग, भक्ति काल, भारत के शूरवीर, पराधीनता के विरूद्ध सिंहनाद करते हुए भारत की सुदीर्घ परंपरा में तेजस्वी नायकों, चिंतकों, दार्शनिकों, मंत्रद्रष्टा, ऋषियों, संतों, मनीषियों, कवियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों के अनुपम योगदान को रेखांकित किया जायेगा।

## विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा: मुख्यमंत्री



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल पटेल ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत आनन्द का अनुभव हो रहा है। दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं आत्मीय बधाई देता हूँ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि शिक्षा, धर्म, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और व्यापार के क्षेत्रों में भारत के मानचित्र पर उज्जैन की अपनी विशिष्ट पहचान है। क्षिप्रा के पवित्र तट पर बसे उज्जैन नगर में विद्याध्ययन की अभिलाषा से आये श्रीकृष्ण की कथा पूरे संसार में प्रसिद्ध है। महर्षि सान्दीपनि के गुरुकुल का यह पुरातन क्षेत्र आज भी जन-जन की आस्था का केन्द्र है, जहाँ स्वयं जगद्गुरु ने शिक्षा पायी थी।

## इंदौर में गुड़ी पड़वा की धूम, शंखनाद के बीच सूर्य को अर्घ्य देकर लोगों ने मनाया हिन्दू नववर्ष



विजय मत, ब्यूरो, इंदौर

रविवार को विक्रम संवत 2082 की शुरुआत के मौके पर गुड़ी पड़वा पर्व धूमधाम से मनाया गया। उगते सूरज को शंखों की ध्वनि के बीच अर्घ्य दिया गया। नूतन मंगल वर्ष पर खुशहाली की कामना की गई और एक दूसरे का मुंह मीठा कर गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दी गईं।

शहर के तीन स्थानों पर बड़े आयोजन हुए। राजवाड़ा पर सुबह महिलाएं व पुरुष पारंपरिक परिधानों के साथ एकत्र हुए। चौक गजरे की खुशबू से महक रहा था और रंगोली सड़कों की सुंदरता बढ़ा रही थी। सूर्य उदय होते ही शंख बजने लगे और लोगों ने जल से सूर्य को अर्घ्य दिया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने साधु संतों और शहर के लोगों के साथ इस पर्व को मनाया।

### बड़ा गणपति पर भी कार्यक्रम

शुभ संकल्प संस्था ने बड़ा गणपति चौराहे पर कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक रूप से सूर्य को अर्घ्य दिया। यहां भी युवतियां साफा पहने और हाथों में तलवार लेकर आई थीं। साधु-संतों की मौजूदगी में यहां पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू ने गुड़ी का पूजन किया।

### वैशाली नगर चौराहे पर कार्यक्रम

इसके अलावा वैशाली नगर चौराहे पर भी आयोजन हुआ। तिलक नगर में संस्था पूर्वी इंदौर ने आनंदोत्सव मनाया। पूर्व निगम सभापति अजय सिंह नरूका ने बताया कि बीते 16 सालों से संस्था द्वारा गुड़ी पड़वा मनाया जाता है।

### माता मंदिरों पर भी भीड़

नव वर्ष के साथ चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई। इसके चलते शहर के देवी मंदिरों पर भी पूजा व अनुष्ठान हो रहे हैं। शहर के प्राचीन मंदिर बिसासन टेकरी पर भक्तों के लिए टेंट लगाया गया है। रात तक मंदिर भक्तों के लिए खुला रहेगा। रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने आकर माता के अलग-अलग रूपों के दर्शन किए।

## न्यूज इन शॉर्ट

### तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मारकर भागी, वद्ध महिला की मौत, बेटा घायल

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के ईंटखेड़ी थाना इलाके में बीती दोपहर एक तेज रफ्तार कार चालक बाइक सवार मां और बेटे को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। दर्दनाक हादसे में 70 वर्षीय वृद्धा ने कुछ घंटे चले इलाज के बाद दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, जैतपुरा में रहने वाली संपत बाई (70) निजी काम के चलते अपने बेटे के साथ बाइक से जा रही थीं। ईंटखेड़ी के पास पहुंचेन पर एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चलती बाइक सहित सड़क पर गिरने से संपत बाई को जानलेवा चोंटे आई, हालांकि उन्हें आसपास के लोगो की मदद से फौरन ही इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। वहाँ शाम के समय इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मामला कायम कर पुलिस ने रविवार को शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फरार कार चालक की जानकारी जुटाने के लिये पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल रही है।

### युवती के घर में घुसकर की छेड़छाड़, केस दर्ज

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह निजी कंपनी में नौकरी करती है। करीब तीन साल पहले उसकी कॉलेज दोस्त के माध्यम से जितेन्द्र अहिरवार से दोस्ती हुई थी। जितेन्द्र से उसकी मोबाइल पर बातचीत होती थी। थोड़े समय बाद युवती को पता चला कि जितेन्द्र शराब पीने का आदी है, और आपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके बाद युवती ने उससे दुरियां बनाते हुए बातचीत करनी बंद कर दी। इससे गुस्साया मनचला जितेन्द्र उसे लगातार कॉल कर परेशान करने लगा। पीड़िता ने जब उसका कॉल रिसीव नहीं किया तब 15 जनवरी को आरोपी ने पीड़िता की मां को कॉल कर धमकाते हुए कहा कि तुम्हारी बेटी से मैंने शादी कर ली है, और वह मेरी पत्नी है। उसकी शादी कहीं और नहीं होने दूंगा। इसके बाद घबराये परिजनों ने युवती को गांव भेज दिया। 28 मार्च को पीड़िता अशोका गार्डन में अपने कमरे पर सामान लेने गई थी। इसकी भनक लगते ही आरोपी जितेन्द्र वहां पहुंच गया और बुरी नीयत से उसके साथ अशलील छेड़छाड़ करने लगा। आरोपी ने धमकी दी की यदि उसने उसके साथ शादी नहीं की तो वो उसकी पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे और उसके परिवार को समाज में बदनाम देगा। आखिरकार तंग आकर पीड़िता थाने जा पहुंची उसकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### नाबालिक किशोरी के साथ रेप के आरोपी को 20 साल की जेल

**भोपाल।** सिंतबर 2021 में शॉहजहॉनाबाद थाना इलाके में नाबालिग के साथ गलत काम करने वाले आरोपी को दोषी करार देते हुए जिला अदालत ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। संभागीय जनसम्?पर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि कुमुदिनी पटेल विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने बलात्कार करने वाले आरोपी सलमान को धारा 376(3), 506 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट मे दोष सिद्ध पाते हुये धारा 376(3) भादवि व 3/4 पास्को एक्ट मे 20 साल का का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपये के अर्थदण्?ड एवं 506 भादवि मे 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रू अर्थदण्?ड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है। मनोज त्रिपाठी ने बताया की 15 अक्टूबर 2021 को किशोरी ने अपनी मॉ के साथ शाहजहानाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह अपने माँ और भाई-बहन के साथ रहती है। उसके पापा का देहांत हो चुका है। आरोपी सलमान को वह बचपन से जानती है, वह उसके घर आता जाता रहता हैं। करीब 1 साल पहले से आरोपी उसके साथ गलत हरकत करता था, इसलिये उसने उससे दुरियां बना ली थी, और उसके पास नहीं जाती थी। जब भी वह घर पर अकेली रहती तब आरोपी उसके साथ गलत काम करता था। 15 अक्टूबर 2021 की शाम को उसकी माँ और बहन घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। उसी दौरान आरोपी सलमान आया और उसने एक बार फिर मौका पाकर कर्ठ बाद उसके साथ गलत काम किया।

## मध्य प्रदेश के तापमान गिरावट, गर्मी से मिली राहत

### 1 अप्रैल से ओले-बारिश का अलर्ट



विजय मत, भोपाल

मध्य प्रदेश के मौसम लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां पहले तेज गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे। वहीं पिछले दो दिन से तापमान में गिरावट हुई है। अप्रैल के पहले सप्ताह में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट है। 1 और 2 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के पूर्वी हिस्से रीवा, शहडोल संभाग में भी बारिश हो सकती है। कुछ जिलों में ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से मौसम बदल सकता है। 30 मार्च को दिन-रात के तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर में दिन का पारा 35-36 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रह सकता है। रात में भी पारा कम ही रहेगा।

### नर्मदापुरम में 40 डिग्री रहा तापमान

शनिवार को नर्मदापुरम में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाकी शहरों में भी पारे में गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार, टीकमगढ़ में 38.7 डिग्री, खरगोन में 38.2 डिग्री, नरसिंहपुर में 38 डिग्री, मलाजखंड (बालाघाट) में 37.2 डिग्री और खंडवा में 37.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 34.5 डिग्री, इंदौर में 34.3 डिग्री, ग्वालियर में 33.2 डिग्री, उज्जैन-जबलपुर में 35 डिग्री तापमान रहा।

### बारिश-ओले के बाद चलेगी लू

अप्रैल महीने की शुरुआत में भले ही बारिश और ओले का अलर्ट जारी किया गया है, लेकिन इसके बाद लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू चलने की संभावना ज्यादा है, जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यत: दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।

## दस करोड़ के गबन मामले में फरार बैंक मैनेजर महाराष्ट्र में काट रहा था फरारी, गिरफ्तार

**भोपाल।** बीज प्रमाणीकरण संस्था में हुए 10 करोड़ रुपए के गबन मामले में फरार चल रहे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसे महाराष्ट्र के अकोला से पकड़ गया है। इस मामले में आठ आरोपियों की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। जानकारी के अनुसार इस मामले की शिकायत पिछले साल सितंबर 2024 में बीज प्रमाणीकरण संस्था भोपाल के प्रमुख सुखदेव प्रसाद अहिरवार ने कोतवाली थाने में की थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा इमामी गेट भोपाल में जमा मप्र राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था की एफडीआर की राशि 10 करोड़ रूपये का गबन किया गया है। इस मामले में बीडी नामदेव (मध्यप्रदेश बीज प्रमाणीकरण संस्था) एवं नोएल सिंह (शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया इमामीगेट भोपाल) के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मामले में संलिप्त आरोपी बृजेन्द्र दास नामदेव, दीपक पंथी, धनंजय गिरी, शैलेन्द्र प्रधान उर्फ आचार्य बाबा, राजेश शमा, पियूष शमा, वरूण कुमार चौधरी और किसलयराज चौधरी को गिरफ्तार किया गया था।

## संभावना गतिविधि में नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति हुई

विजय मत, भोपाल



मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 30 मार्च 2025 को बधाई नृत्य राजेश चौरसिया एवं साथी- सागर, अखाड़ा देवेन्द्र डेहेरिया एवं साथी सिवनी,कबीर गायन नमन तिवारी एवं साथी- नर्मदापुरम द्वारा प्रस्तुति दी गई।

गतिविधि में राजेश चौरसिया एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य प्रस्तुत किया गया। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियाँ और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियाँ कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगते हैं। नेग-न्यौछावर बांटती हैं। मंच पर जब बधाई नृत्य समूह के रूप में प्रस्तुत होता है, तो इसमें गीत भी गाये जाते हैं। बधाई के नर्तक, चेहरे के उल्लास, पद संचालन, देह की लचक और रंगारंग वेशभूषा से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इस नृत्य में ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी आदि वाद्य प्रयुक्त होते हैं।

इसके बाद देवेंद्र डहरिया एवं साथी,सिवनी द्वारा अखाड़ा की प्रस्तुति दी गई। प्रदेश के बुंदेलखंड एवं अन्य अंचलों में अखाड़ा कला पूर्व कई काल से चला आ रहा है। युद्ध के दौरान अस्त्रों-शास्त्रों का प्रयोग किया जाता था और उनसे बचने की कला भी सिखाई जाती थी। अखाड़ा शौर्य का प्रतीक है। आज भी मैहर में आल्हा और उदल का अखाड़ा है। बुंदेलखंड में अखाड़ा लोक नृत्य नवरात्रि के अवसर पर किया जाता है।

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता रानी के समक्ष भक्तों द्वारा सैंकड़ों की संख्या में अखंड दीप प्रज्वलित किए गए

विजय मत, भोपाल



दादाजी धाम मंदिर में रविवार चैत्र नवरात्रि पर्व पर माता रानी का विशेष श्रृंगार 9 दिन किया जाएगा भक्तों के द्वारा अखंड दीप प्रज्वलित किए गए। माता रानी का विधि विधान से 9 दिन पूजन किया जाएगा। गुड़ी पड़वा भगवान झूलेलाल जी की जयंती एवं विक्रम संवत 2082 नववर्ष के उपलक्ष में महाप्रसादी का भोग लगाया गया। माता रानी के भजन भक्तों द्वारा किये गये। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। भगवान के दर्शन के लिए आज पूरे दिन मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले रहे इस अवसर उपस्थित सभी भक्तों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## दंगाइयों पर काबू पाने के लिए पुलिस ने छोड़ी टियर व स्मोक गैस

**भोपाल।** बैरसिया के बर्री छीरखेड़ा में दंगाइयों को रोकने के लिए आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल के साथ ही टियर गैस के गोले दागे गय, तोड़फोड़ और पथराव कर रहे उपद्रवियो को तितर-वितर करने के लिए पुलिस ने स्मोक गैस का इस्तेमाल किया वहीं इस दंगे में घायल हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। यह नजारा देहात इलाके में खेल मैदान में शनिवार को बलवा मॉक ड्रिल के दौरान नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर बैरसिया नगर में पैदल मार्च मुख्य मार्ग से निकाला गया। बलवा ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के जरिए पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए कई तरीके सिखाए गए। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा नें बताया कि भोपाल ग्रामीण पुलिस का बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया गया है।

**खास-खबर** इंटेलेक्चुअल के राजनीति में आने से सुशासन में निखार आएगा : विश्वास

## प्रोफेशनल्स के भाजपा से जुड़ने से बनेगा विकसित भारत : विष्णुदत्त

- देश के नवनिर्माण में युवा शक्ति को आगे आकर काम करने की आवश्यकता: सुबांसुरी स्वराज
- प्रधानमंत्री विकसित भारत बनाने के लिए इंटेलेक्चुअल को राजनीति में ला रहे हैं: पुष्यमित्र भार्गव

विजय मत, भोपाल




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को राज्य संग्रहालय में 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप के दूसरे दिन समापन सत्र को संबोधित किया, वहीं सांसद सुबांसुरी स्वराज, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अनिर्बान गांगुली ने विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और वर्किंग से भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, इसलिए हर क्षेत्र के प्रोफेशनल्स व इंटेलेक्चुअल्स को भाजपा से जोड़ा गया है। सांसद सुबांसुरी स्वराज ने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, यह केवल एक राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन और विशिष्ट विचारधारा वाले दल के रुप में अलग पहचान रखता है। प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुशासन के साथ अंत्योदय पर चलकर जनता की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संपूर्ण भारत के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र के लोगों को राजनीति में लाना चाहते है। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को समझने और जनता की आकांक्षाओं और देश के हर वर्ग को जोड़कर उसे आगे ले जाने के लिए नीतियां बनाने के लिए आप लागों की जरूरत है। डॉ. अनिर्बान गांगुली ने कहा कि हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से चलती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों में भिन्नता हो सकता है, लेकिन हमारा विजन हमेशा एक रहता है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की राजनीति से जातिवाद और परिवारवाद को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

## एम्स भोपाल का यूपी एएसएसओपीआईसीओएन (UP ASSOPICON) 2026 में मन और हृदय कल्याण कार्यशाला में अग्रणी योगदान

विजय मत, भोपाल



एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में यूपी एएसएसओपीआईसीओएन (UP ASSOPICON) 2026 के दौरान सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा में एक प्रभावशाली माइंड एंड हार्ट वेलनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. ऋचा श्रीवास्तव, आयोजन सचिव द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इसमें एम्स भोपाल के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा और एम्स भटिंडा की डॉ. रजति राजेंद्रन जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने सहभागिता की और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया। इस कार्यशाला में प्रार्थना, आसन, मंत्रोच्चार, मार्गदर्शित ध्यान, विजुअलाइज़ेशन और हर्टफुलनेस सेशन जैसी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित विधियों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में वृद्धि, गहरी शांति, भावनात्मक संतुलन और आंतरिक आनंद व शांति का अनुभव किया। इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, इस तरह की कार्यशालाएं प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के संयोजन का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। ये सत्र मानसिक सशक्तिकरण और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिससे लोगों का संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है। विशेषज्ञों ने प्रार्थना के विज्ञान पर प्रकाश डालते हुए इसके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# अन्य देशों में रह रहे हिंदूओं के साथ खड़े रहने की आवश्यकता

प्रहलाद सबनानी

आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है। अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 85,000 एच वन-बी वीजा जारी किए जाते हैं, इसमें से लगभग 60,000 एच वन-बी वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। इसी प्रकार अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय मूल के नागरिक बन रहे हैं। आज अमेरिका एवं ब्रिटेन में प्रत्येक 7 चिकित्सकों में 1 भारतीय मूल का नागरिक हैं। न केवल उक्त वर्णित विकसित देशों बल्कि खाड़ी के देशों यथा, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों के आर्थिक विकास में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई देशों यथा सिंगापुर, गुयाना, पुर्तगाल, सूरीनाम, मारीशस, आयरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति) भारतीय मूल के नागरिक रहे हैं एवं कुछ देशों में तो अभी भी इन पदों पर आसीन हैं। साथ ही, 42 देशों की सरकार अथवा विपक्ष में कम से कम एक भारतवंशी रहा है।




भारतीय मूल के नागरिक सनातन संस्कृति के संस्कारों के चलते बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से इन देशों के विकास में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके बावजूद भी यदि भारतीयों पर इस प्रकार के आक्रमण किए जाते हैं तो इसकी निंदा तो की ही जानी चाहिए एवं विश्व समुदाय से इस संदर्भ में सहायता भी मांगी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। बांग्लादेश में हिंदूओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए घातक हमलों की अमेरिका के राष्ट्रपति श्री डॉनल्ड ट्रम्प ने भी भर्त्सना की थी, इसी प्रकार के विचार अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी प्रकट किया थे। परंतु, आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय हिंदू समाज भी विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के साथ खड़ा हो। इसी संदर्भ में, दिनांक 21 मार्च से 23 मार्च 2025 को बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता से खड़े रहने का आह्वान किया गया है एवं इस संदर्भ में निम्नलिखित एक विशेष प्रस्ताव भी पास किया गया है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गम्भीर विषय है।

बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके मजहबी पक्ष को नकारना सत्य से मुंह मोड़ने जैसा होगा, क्योंकि अधिकतर पीड़ित, हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों से ही हैं। बांग्लादेश में हिंदू समाज, विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा जनजाति समाज का इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं की निरंतर घटती जनसंख्या (1951 में 22 प्रतिशत से वर्तमान में 7.95 प्रतिशत) दर्शाती है कि उनके सामने अस्तित्व का संकट है। विशेषकर, पिछले वर्ष की हिंसा और घृणा को जिस तरह सरकारी और संस्थागत समर्थन मिला, वह गम्भीर चिंता का विषय है। साथ ही, बांग्लादेश से लगातार हो रहे भारत विरोधी वक्तव्य दोनों देशों के सम्बन्धों को गहरी हानि पहुंचा सकते हैं।

कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां जान बूझकर भारत के पड़ौसी क्षेत्रों में अविश्वास और टकराव का वातावरण बनाते हुए एक देश को दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। प्रतिनिधि सभा, चिन्तनशील वर्गों और अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से अनुरोध करती हैं कि वे भारत विरोधी वातावरण, पाकिस्तान तथा डीप स्टेट की सक्रियता पर दृष्टि रखें और इन्हें उजागर करें। प्रतिनिधि सभा इस तथ्य को रेखांकित करना चाहती है कि इस सारे क्षेत्र की एक सांझी संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक सम्बंध हैं जिसके चलते एक जगह हुई कोई भी उथल पुथल सारे क्षेत्र में अपना प्रभाव उत्पन्न करती हैं। प्रतिनिधि सभा का मानना है कि सभी जागरूक लोग भारत और पड़ौसी देशों की इस सांझी विरासत को दृढ़ता देने की दिशा में प्रयास करें। यह उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के हिंदू समाज ने इन अत्याचारों का शांतिपूर्ण, संगठित और लोकतांत्रिक पद्धति से साहसपूर्वक विरोध किया है।

> दूसरी ओर, भारत के पड़ोसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में भारतीय मूल के नागरिकों, विशेष रूप से हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में तो वर्ष 1951 में कुल आबादी में हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी वह आज घटकर 8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। लगभग यही हाल पाकिस्तान का भी है। बांग्लादेश में तो हाल ही के समय में सत्ता पलट के पश्चात हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदायों पर कातिलाना हमले किए गए हैं। केवल बांग्लादेश ही क्यों बल्कि विश्व के किसी भी अन्य देश में हिंदुओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध होना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## प्रवासी लोगों का हिमाचल में दखल घातक होगा आने वाला कल

देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में प्रवासी लोगों व मजदूरों व महिलाओं का दखल आने वाले कल के लिए घातक सिद्ध होगा। अपराधिक प्रवृति के प्रवासी हिमाचल को अपराध की शरणस्थली बना रहे है।सरेआम हत्याएं कर रहे है।बेखौफ होकर कत्लेआम व अपहरण कर रहे है। मंडी में दो वरदातें हुई हैं एक सप्ताह पहले प्रवासी लोगों ने एक ढाबा मालिक पर गोलीवारी से जनमानस खौफजदा है अभी इस घटना की स्याही भी नहीं सूखी थी की नेरचौक में प्रवासी महिलाओं ने एक महिला के 35000 हजार रूपये लूटने का असफल प्रयास किया लेकिन महिला की बहादुरी से यह डकैती करने वाली पकड़ी गई और पैसा बरामद हो गया द्य ऐसी वरदातों पर संज्ञान लेना होगा ताकि आने वाले भविष्य में ऐसी घटना न हो सके द्य4 नवबंर 2018 रविवार को मण्डी जिला के कनैड में प्रवासी मजदूरों ने एक कारोबारी की हत्या कर दी थी ।खूनी वारदात से लोग दहशत के साए में थे ।पुलिस ने प्रवासी को राजस्थान से गिरफतार कर लिया था ।यह असम का रहने वाला था । दूसरा अपराधी अभी फरार हो गया था । प्रवासी लोगों की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है।प्रशासन व पुलिस को इन हत्याओं की घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए ताकि फिर कोई प्रवासी ऐसा जघन्य अपराध न कर सके।प्रवासियों की वारदातें बढती ही जा रही है। गत वर्षो दिन-दहाडे ही संतोषगढ में बस में सवार एक गिरोह ने महिला की गले की चेन काटने व झपटने का प्रयास किया तो महिला ने उसे पकड़ लिया था जबकि गिरोह के दूसरे सदस्य फरार हो गए थे । विदेशी नेपाली व अन्य राज्यों से आए प्रवासी लोगों द्वारा प्रदेश में अपराधिक घटनाओं व चोरियों व हत्याओं की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है जिससे हिमाचली जनमानस खौफजदा है।प्रवासी बेखौफ होकर प्रदेश में अराजकता फैला रहे हैं इसे कानून व्यवस्था की लारपवाही कहना गलत नही होगा समझ नहीं आता कि यह प्रवासी बार-बार अपराधिक वारदातों को कर रहे है और प्रशासन कुभंकरणी नींद सोया हुआ है यह दुर्भाग्य की बात है कि बाहरी लोग प्रदेश की शांति को ग्रहण लगा रहे है।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# कला-संस्कृति - राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

रमेश सर्राफ धमोरा

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।



गणगौर पर्व पर विशेष

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं-

**गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।**

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-

**म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,**
**बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,**
**म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।**



लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं-

**म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,**
**ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।**

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं-

**ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।**

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं-

**गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।**

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''। अर्थात् जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं।

> राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार


## कर्म व त्याग ही महान बनाती है

संजय गोस्वामी

जब भी आप किसी चीज से जकड़ जाते हैं तो उससे आपको मोह पैदा होता है इसलिए कई राजा या किसी देश के प्रमुख अपना पद छोड़ना नहीं चाहते हैं और यही आपके कष्ट का सबसे बड़ा कारण है भगवान राम पिता की आज्ञा पर जब सबकुछ त्याग कर 14वर्ष का वनवास धारण किया तो उन्हें ध्यान करने का अवसर मिला ऐसे तो वो साक्षात् ईश्वर थे लेकिन उन्होंने ऐ उपदेश दिया कि प्रभु महलों में नहीं मिलेंगे बल्कि किसी शांति जैसे इलाके में जो जंगल ही है में ध्यान करने से मिलेंगे इसका अन्य उदाहरण भगवान गौतम बुद्ध और तीर्थकर भगवान महावीर से सीखा जा सकता है जो वर्षों की तपस्या के बाद ज्ञान की ऐसी प्राप्ति हुई कि लोग आज भी पूजते हैं गौतम बुद्ध एक राजा के घर पैदा हुए माता पिता के एकलौते संतान थे जब किसी ज्योतिष ने उनका हाथ देखा और राजा को बताया कि यह इस राज महल में नहीं रहने वाला है इसे तो ईश्वर ने कुछ करने के लिए भेजा है अतः इसे दुःख से दूर रखें नहीं तो यह राजपाठ छोड़कर लोगों को ज्ञान देने हेतु भौतिक संसार से दूर चल कर ज्ञान की प्राप्ति में साधना हेतु कहीं और चला जायेगा अतः राजा ने सिद्धाथ जो बाद में गौतम बुद्ध कहलाये उनको महल के अन्दर एक ऐसी व्यवस्था कर दि कि उन्हें किसी भी दुःख से अवगत न कराकर सुख के सभी साधन उपलब्ध करा दिए गए लेकिन होनी को कौन टाल सकता है एकदिन उन्होंने एक टमटम यानी घोड़े गाड़ी पर सवार होकर बाहर की सफर पर निकल गए फिर उन्होंने देखा कि एक अर्थी निकल रही थी तो सारथी से पूछा कि ऐ क्या हो रहा है लोग रो क्यों रहें हैं तब सारथी ने जबाब दिया किसी की मौत हो गई है इसलिए दुःखी होकर इसके परिवार वाले रो रहें हैं उस समय पुनः पूछा कि क्या मौत सबकी होती है तभी सारथी ने उत्तर दिया कि ऐ सभी को एक दिन संसार से जाना ही पड़ता है चूंकि उनको उनके पिता ने महलों में इसकदर बांध कर रखा था कि उन्हें किसी बात पर दुःख ना हों तो उसकी बातें सुनकर काफी उदास हुए और समझ गए मेरा भी संसार से जाना निश्चित है और उस रात वो ठीक से सो नहीं पाएं और रात ही में ज्ञान की प्राप्ति के लिए बोधगया के जंगल में चलें गए और 10 वर्षों की तपस्या के बाद यह बतलाया की अहिंसा परमोधर्म यानी हिंसा नहीं करनी चाहिए यही संदेश भगवान महावीर ने भी दि और भगवान बुद्ध के समय खुब लड़ाई चल रही थी तभी सम्राट अशोक कलिंगा के युद्ध में लाखों लोग के मरने के बाद विचलित हो गया और शांति के लिए भगवान बुद्ध के पास गया और उसने भगवान बुद्ध के स्तूप व काफ़ी स्मारक बनवाई अतः उसे शांति मिली आज लोग महलों में ही पता नहीं क्यों रहना एक शाही शान मानते हैं लेकिन भूल जाते हैं लोग महान कैसे बने त्याग का रास्ता कठिन जरूर है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8322



**बाएँ से दाएँ**

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण-4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला-4
16. मेंहदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3


शब्द पहेली -8321 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

31 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.39 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृष | 08.19 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.17 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.30 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.47 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.58 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.09 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.24 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.40 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.45 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 03.31 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.04 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 90 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 09.12 बजे तदनन्तर तृतीया 05.43 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 13.45 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 13.46 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 09.12 बजे, तैतिल 19.26 बजे तदनन्तर गर 05.43 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872300 **जूलियन दिन** 2460765.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 01 **विशेष** झूलेलाल जयंती, गौरी पूजा, गणगौर, मत्स्य जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

यूज इन शॉर्ट



## लोगो ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया श्रमदान

शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत खन्नौधी में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली निकाली गई तथा बूढ़ी माता मंदिर एवं पुरानीहा तालाब में लोगों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गोहपारू के सीईओ वेदमणि मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई सिंह, जनपद के अधिकारी गण,एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक आलोक सोधिया एवं प्रवीण दुबे एवं श्री गजेंद्र चतुर्वेदी हरिशंकर द्विवेदी ग्राम पंचायत खन्नौधी के सरपंच श्रीमती राधा बैगा, सचिव प्यारेलाल सिंह, प्रवीण दुबे एवं पंच गण, कर्मचारी गण, जन प्रतिनिधि,जन समुदाय की सहभागिता रही।

## नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

शहडोल। फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था कि, उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई जो 30.03.2025 को उक्त बालिका को शमशाबाद जिला विदिशा म0प्र0 से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## अवैध खनिज रेत परिवहन के विरुद्ध 02 कार्यवाही

शहडोल। ब्यौहारी थानान्तर्गत मुखबिर सूचना मिलीं कि ग्राम बेड़रा तरफ से बिना नम्बरी एक ट्रैक्टर अबैध रेत लोडकर परिवहन करते बेड़रा से ब्यौहारी तरफ जा रहा है मुखबिर सूचना की तस्दीकी मे पुलिस टीम द्वारा ग्राम बेड़रा नर्सरी के पास समधिन नदी पुल के ऊपर चेकिंग लगाई गई जो चेकिंग के दौरान लाल कलर का बिना नम्बरी ट्रेक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रोककर ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूछा जो अपना नाम अमर सिंह पिता ज्ञान सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बेड़रा बताया तथा उक्त ट्रेक्टर रामसुशील यादव पिता रामपाल यादव निवासी बेड़रा का होना बताया तथा ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन के अलावा कोई अन्य दस्तावेज व रेत परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक अमर सिंह एवं वाहन मालिक रामसुशील यादव के विरूद्ध बी.एन.एस. एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत दिनांक 30.03.25 को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कसेड नाला बहगड में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। सूचना पर जैतपुर पुलिस तस्दीक हेतु ग्राम बहगड पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर एमपी 18 एबी 5170 मिला जिसके चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नीरज प्रजापति पिता धुन्ना प्रजापति उम्र 23 वर्ष निवासी बहगड का होना बताया। चालक से रेत एवं वाहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक नीरज प्रजापति एवं वाहन मालिक धुन्ना प्रजापति के विरूद्ध बी.एन.एस. एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## अवैध शराब जब्त

शहडोल। अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत 29 मार्च 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 21 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 121 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत ?18,850 है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में प्रारंभ

### जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर निभाई सहभागिता, 30 जून तक चलेगा अभियान






विजय मत, शहडोल।

जल संरक्षण और वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन अभियान शहडोल जिले में प्रारंभ हुआ। इस कड़ी में शहडोल जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दिया।

आज शहडोल जिले के जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी द्वारा ग्राम पंचायत सकरा जनपद पंचायत बुढ़ार में देवराज तालाब जीर्णोद्वार में श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई तथा लोगों को जल का महत्व बताया।

इसी प्रकार ग्राम भर्री, छतैनी, ग्राम पंचायत बिजुरी, सहित अन्य ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई।

यह अभियान 30 जून 2025 तक चलेगा। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून 2025 तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल, संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार, मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई तथा मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण के लिए आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता पर किए जाएंगे।

# दो माह बाद भी भाजपा की जिला कार्य कार्यकारणी का नहीं हुआ गठन

### पुराने पदाधिकारियों से काम चला रहे नए भाजपा अध्यक्ष




विजय मत, शहडोल।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्षों का निर्वाचन दो माह पूर्व हो गया था परंतु जिला कार्यकारिणी का गठन 2 माह पश्चात भी नहीं हो सका है। पुराने पदाधिकारी से ही भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष काम चला रहे हैं। ऐसा नहीं है कि शहडोल की यह स्थिति है बल्कि संभाग के तीनों जिले अनूपपुर उमरिया एवं शहडोल जिला समेत मध्य प्रदेश के सभी जिलों की यही स्थिति है। अर्थात प्रदेश भर में जिला कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के पश्चात ही जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ही पार्टी के मापदंडों व नियमों के मुताबिक प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों से जिला कार्यकारिणी के लिए नाम मांगे जाएंगे और जांच पड़ताल के बाद प्रदेश अध्यक्ष के अनुमोदन के पश्चात ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

### मंडल कार्यकारिणी का गठन भी अधर में

भाजपा जिला कार्यकारिणी की तरह मंडल कार्यकारिणी का गठन भी अधर में लटका हुआ है भाजपा जिला अध्यक्षों के पहले मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन हो गया था। मंडल कार्यकारिणी भी प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के पश्चात ही गठित होने की बात कही जा रही है।

### इनका कहना है



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद ही शहडोल जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। उम्मीद है कि जल्द ही शहडोल जिला कार्यकारिणी का गठन होगा।

श्रीमती अमिता चपरा
जिला अध्यक्ष भाजपा शहडोल

# सिकलसेल एवं थैलेसीमिया के 264 मरीजों की हुई एचएलए जांच

### दिशा वेलफेयर एसोसिएशन एवं सांझी रसोई द्वारा निः शुल्क कैंप संपन्न




विजय मत, शहडोल।

सांझी रसोई परिसर में निशुल्क एचएलए कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुईं निःशुल्क एचएलएकैंप- थैलेसीमिया एवं सिकल सेल मरीजों के लिए आयोजित इस कैंप में, हमारी टीम ने पिछले दो महीनों में 20,000+ से अधिक मरीजों को काउंसलिंग प्रदान की। 11 जिलों (सतना, सीधी, शहडोल, रीवा, उमरिया, मंडला, अनूपपुर, जबलपुर, कटनी, सिवनी, डिंडोरी) के 264 मरीजों ने इस कैंप में भाग लिया। यह कैंप डॉ. श्वेता पाठक (NSCBM- जबलपुर) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर- इस रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिसका संचालन डॉ. सुधा नामदेव( ब्लड बैंक ऑफिसर) की देखरेख में किया गया।

**चिकित्सा ओपीडी** - 132 थैलेसीमिया एवं सिकल सेल मरीजों के लिए विशेष ओपीडी का आयोजन किया गया, जिसका पर्यवेक्षण डॉ. श्वेता पाठक (NSCBM जबलपुर) ने किया।

**निःशुल्क दवा वितरण**- 132 थैलेसीमिया एवं सिकल सेल मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। यह कार्यक्रम वंदना डोंगरे (जिला अस्पताल, शहडोल) के निर्देशन में संपन्न हुआ।

**विशेष स्वास्थ्य परामर्श सत्र** - थैलेसीमिया एवं सिकल सेल मरीजों के लिए स्वास्थ्य परामर्श सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों का संचालन डॉ. जी.एस. परिहार( वरिष्ठ संयुक्त संचालक स्वास्थ्य), डॉ. शिल्पी सर्राफ (सिविल सर्जन, जिला अस्पताल शहडोल), डॉ. राजेश मिश्रा (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पताल शहडोल), डॉ. श्वेता पाठक (NSCBM- जबलपुर), डॉ. ममता जगतपाल, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. उमेश नामदेव, डॉ. सुधा नामदेव, डॉ. मरियम, डॉ. सुनील हाथगैल एवं अंशुमान सोनारे (नोडल अधिकारी, सिकल सेल) द्वारा किया गया।

इस आयोजन में मुख्य रूप से श्रीमती अमिता चापरा (अध्यक्ष, भाजपा), विश्वेंद्र सिंह (SPI कॉलेज, सामाजिक कार्यकर्ता), राजीव श्रीवास्तव (रिलायंस फाउंडेशन), अजय विजरा (सामाजिक कार्यकर्ता), सरबजीत सिंह (दिशा वेलफेयर एसोसिएशन), विकास खंडेलवाल (सामाजिक कार्यकर्ता) राजेश्वर उदानिया अंजनेय वेलफेयर आर्गेनाइजेशन एवं श्रीमती नीति सिंघल (सामाजिक कार्यकर्ता) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### मंच संचालन डॉ. नितिन सिंघई द्वारा किया गया

दिशा वेलफेयर एसोसिएशन एवं सांझी रसोई इस सफल कार्यक्रम में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों, चिकित्सकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# नवरात्रि पर्व के कारण बढ़े फलों के दाम, लोग परेशान



विजय मत, शहडोल।

चैत्र नवरात्र के शुरू होते ही फल व पूजा सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। फल, फूल, नारियल व चुनरी महंगी हो गई है। फल व पूजन सामग्री के मूल्य में 20 से 30 प्रतिशत तक उछाल आया है। बढ़े दामों से लोग परेशान हैं। वहीं दुकानदार फलों के दाम में बढ़ोत्तरी का कारण कम आवक व भाड़े में वृद्धि होना बता रहे हैं। फल विक्रेता श्याम प्रसाद यादव ने कहा कि नवरात्र पर फलों की मांग बढ़ जाती है। फलों की बढ़ती मांग को देखते हुए कीमतों में उछाल आया है। इसका मुख्य कारण बाहर से मंगाए जा रहे फलों के भाड़े में वृद्धि होना है। मनोज सिंह ने कहा कि महंगाई के कारण कुछ बिक्री प्रभावित हुई है। जो लोग नवरात्र में व्रत रह रहे हैं, उन्हें तो फल खरीदना ही पड़ रहा है। त्योहार को देखते हुए सभी प्रकार के फलों को मंगाया गया है।

फल विक्रेता आशीष सोनी का कहना है कि दूर से फल आने के कारण फल महंगे हो जाते हैं तथा इसी प्रकार नवरात्रि के अवसर पर फल की मांग बढ़ जाती है जिसके कारण भी फल के दाम में उछाल आता है। इस बार फल के रेट दोगुने हो गए हैं, हमें भी खरीदने पर महंगा मिल रहा है।


फल विक्रेता शशि ने बताया कि मंडी से हम लोगों को फल महंगा मिल रहा है। इसके कारण इन्हें ज्यादा कीमतों में बेचना पड़ रहा है। नवरात्रि में फलों की काफी बिक्री हो जाया करती थी।

## बुढार पुलिस के द्वारा अवैध खनिज कोयला परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

शहडोल। बुढ़ार थानान्तर्गत शनिवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि धनगवां में प्रताप सिंह एवं विनोद यादव नाम के व्यक्ति ट्रैक्टर में चूनागढी धनगवां से कोयला का अवैध रूप से उत्खनन कर ट्राली में लोड कर ग्राम हरदी तरफ ले जा रहे है। सूचना पर बुढार पुलिस तस्दीक हेतु ग्राम धनगवां पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर मय कोयला लोड आते दिखा। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देखकर खेत में कोयला पलटी कर ट्रैक्टर लेकर भाग गया।जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी प्रताप सिंह एवं विनोद यादव के विरूद्ध बी.एन.एस. एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में प्रआर0 चेतराम कौशिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ऐतिहासिक विराट नगरी के तालाबों का दर्द

मैं शहडोल बोल रहा हूँ
अजय जायसवाल



विजय मत, शहडोल।

शहडोल नगर को राजा विराट की ऐतिहासिक विराट नगरी कहा जाता है। यहां पांडव कालीन शिवजी का विराट मंदिर बावड़ी एवं कुंड के साथ ही 365 तालाबों का इतिहास रहा है। विराट मंदिर तो आज भी विद्यमान है जहां लोग शिव जी के दर्शन करने जाते हैं। बावड़ी को ढक दिया गया है। बाणगंगा कुंड मे आज भी श्रद्धालु स्नान करके कुंड के बगल में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं परंतु कालांतर में तालाबों की संख्या धीरे-धीरे कम होती चली गई और आज वर्तमान की स्थिति में 65 तालाब ही शेष रह गए हैं।

तालाबों का दर्द यदि हमें बयां करना है तो हमें तालाब ही बनना पड़ेगा। तो सुनिए एक तालाब का दर्द - पहले मुझ तालाब में निर्मल जल और आसपास हरियाली होती थी। मेरे चारों तरफ पेड़ों में अनेक प्रकार के पक्षी एवं बंदर उछलते कूदते थे। कोयल की कूक सुनाई देती थी तोता मैना की आवाजों से मन प्रसन्न हो जाता था। मनुष्य भी मेरे जल को पीकर अपनी प्यास बुझाता था परंतु धीरे-धीरे मेरे आस-पास अतिक्रमणकारियों

ने कब्जा करना शुरू कर दिया मेरे मेड़ों पर घर बनने लगे और घरों के टायलेट का पाइप मेरी तरफ खोल दिया गया जिसके कारण मैं और मेरा जल गंदा होने लगा मेरे जल में कचरा डालने से भी लोग नहीं कतराते। मेरे प्राकृतिक स्त्रोत धीरे धीरे बंद हो गए और मेरा पानी सूखने लगा।मैं जोर जोर से चिल्लाता रहा कि मुझे बचाओ बचाओ पर मेरी पुकार न तो आम जनता ने सुनी और न ही जनप्रतिनिधियों ने।नगर पालिका और जिला प्रशासन ने भी मेरी करुण पुकार को अनसुना कर दिया।मैं रोता रहा पर किसी ने मेरे आंसु नहीं पोछे।

सुनिए बात अभी पूरी नहीं हुई है।सरकारों ने लीज देकर मेरे मेड़ों पर बड़ी बड़ी अट्टालिकाएं कड़ी कर दी। कुछ को लकड़ी दुकानें खुलवा दी गई तो कुछ पूंजीपतियों ने मेरे ऊपर मिट्टी डाल डाल कर जेसीबी मशीनों से मुझे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया और मेरा अस्तित्व ही खत्म कर दिया मैं चिल्लाता रहा रोता रहा दर्द से कराहता रहा पर न तो सरकार सुनी ना ही सांसद विधायक मंत्री सुने और नहीं प्रशासन सुना । इतना ही नहीं मेरे अस्तित्व को समाप्त करने वालों के पक्ष में पटवारी और तहसीलदार सभी ने रिपोर्ट दे दी जिसकी वजह से मेरी फाइल बंद कर दी गई। पांडवों ने खासकर अर्जुन पानी पीने के लिए अपना बाण चला कर रोज एक तालाब खोदते रहे उन्होंने एक साल में 365 खोद डालें । पर आज के इंसान में इंसानियत नहीं बची है वह भगवान को भी नहीं डरता। अब मैं और मेरा अस्तित्व अंतिम सांसें गिन रहे है क्योंकि अब तो मेरे आस-पास कांक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं मेरी सतह पर टाइल्स लगाई जा रही हैं, पेड़ों को काट दिया गया है अब मेरे अंदर पानी आए तो आए कहां से।

एक आखरी उम्मीद बची है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आज से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया है शहडोल में भी जिला प्रशासन जन प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों श्रमदान के माध्यम से मुझे जैसे उपेक्षित तालाबों में जान डालने की कोशिश की जाएगी इसलिए मुझे खुशी है और एक आशा बंधी है कि शायद अब मेरा थोड़ा बहुत अस्तित्व बच्चा रह जाए।

इसी आशा और उम्मीद के साथ जय हिंद, जय भारत, जय मध्य प्रदेश और लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की जय जय हो।

कार्यक्रम

### मानस भवन में विक्रमोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं विक्रम संवत का नववर्ष: विधायक





विजय मत, शहडोल।

विक्रम संवत 2082 के आरंभ एवं सृष्टि आरंभ दिवस पर आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के मानस भवन में विक्रमोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा की आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि आज के दिन से विक्रम संवत के अनुसार वर्ष 2082 प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत के अनुसार भारत के नव वर्ष के रूप में भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि हम सबको विक्रम संवत के अनुसार नव वर्ष को बड़े उत्साह से एवं हर्षोल्लास से मनाना चाहिए एवं इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी करना चाहिए।

विधायक ने कहा की आज के दिन से चैत्र नवरात्र की भी शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्र का त्यौहार हमारे देश में बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है एवं चैत्र नवरात्र के समय मंदिरों में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखी जाती है। चैत्र नवरात्र में भक्त देवी मां की आराधना करते हैं एवं जवारे भी बोए जाते हैं। कार्यक्रम को समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा ब्रह्मध्वज का पूजन भी किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ केदार सिंह, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा, अन्य जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे ने किया।

## न्यूज इन शॉर्ट



### दो और हाथी पहुंचे जैतहरी में धनगवां के जंगल, पूर्व आया हाथी गोबरी गांव में फसलों को पहुंचा रहा नकुसान

अनूपपुर। आखिरकार शनिवार की शाम दो हाथी छत्तीसगढ़ राज्य की वनसीमा को लांघकर जैतहरी वनपरिक्षेत्र के ग्राम पंचायत धनगवां के जंगल पहुंचे हैं। रातभर दोनों हाथियों ने मारवाही के जंगल सीमा को पार कर चोलना में प्रवेश करते हुए बचहाटोला, कुकुरगोड़ा, क्योटार, कुशुमहाई गांव से लगे वनों में विचरण करते हुए रविवार की सुबह धनगवां पहुंचे हैं। वही पूर्व से मुस्तैद एकल दंत नर हाथी शनिवार की रात गोबरी के जंगल से निकलकर आसपास के गांवों में विचरण करने और खेतों में लगी फसलों को आहार बनाने के उपरांत सुबह गोबरी वापस लौट आए। इस दौरान हाथी ने सुखीलाल राठौर की गेहूं की फसल को आहार बनाया। इसके बाद गोबरी गांव के मोहल्लों से ग्राम पंचायत पगना के बांका गांव की सीमा तक विचरण किया और फिर वापस लौट गया। अब तीन हाथियों की मौजूदगी होने पर वनविभाग के अधिकारी/ कर्मचारी हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। वहीं ग्रामीणों को सुरक्षित रहने सलाह भी दे रहे हैं।

### रेत के अवैध परिवहन पर पुलिस ने की कार्रवाई, वाहन जब्त



अनूपपुर। बिजुरी पुलिस ने केवई नदी से रेत का उत्खनन कर परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया है। जहां पुलिस ने चालक 23 वर्षीय ओमप्रकाश साहु पिता दयाराम साहु निवासी कटकोना के खिलाफ धारा 303(2),317(5) बीएनएस 4,21खान एवं खनिज अधिनियम 130, 177(3), 66, 192,177 एमवी एक्ट व 77 केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम का क़ायम कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिलने पर 29 मार्च को ग्राम बैहाटोला केवई नदी में बिना नम्बर प्लेट ट्रैक्टर ट्राली को अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करते हुए पाया था। जहां घेराबंदी कर पकड़ा गया। उत्खनन व परिवहन के संबंध में कागज़ात नहीं होने पर ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। रेत की अनुमानित कीमत 6 हजार रुपए और ट्रैक्टर वाहन की कीमत 6 लाख सहित कुल मशरूका 606000 रुपए जब्त किए गए हैं।

### भारत का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध एवं स्वर्णिम- दिलीप जायसवाल



अनूपपुर। भारत का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध एवं स्वर्णिम है। भारत संस्कार, संस्कृति एवं परंपरा का परिचालक है। इसके गौरवपूर्ण इतिहास पर पूरी दुनिया हमेशा ही गर्व करती रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकास के साथ-साथ तीज त्योहार मनाने का निर्णय लिया है। आज भारत का नव वर्ष अर्थात विक्रम संवत है, विक्रम संवत की शुरुआत अवंती के सुप्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य द्वारा किया गया था। यह विचार मप्र शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)दिलीप जायसवाल ने जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित विक्रमोदित्य-2025 卐कोटि सूर्योपासना卐कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा卐हमारी संस्कृति विश्व का कल्याण एवं प्राणियों में सद्भावना卐 जैसे विचार रखने वाली वाली संस्कृति है। महाकाल की नगरी उज्जैन ज्योतिष काल गणना का मुख्य केंद्र रहा है, हमारी सरकार द्वारा उज्जैन में वैदिक घड़ी की स्थापना की है, जो वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर भारत का विक्रम पंचांग, जिसे सर्वश्रेष्ठ कैलेंडर माना गया है, के अनुसार समय, नक्षत्र, ग्रह, पूर्णिमा, अमावस्या, सूर्य ग्रहण सहित अन्य जानकारी प्रदान करता है। कार्यक्रम में मप्र राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि भारत वैदिक काल से ही संस्कृति सभ्यता और परंपरा का केंद्र रहा है। भारत ऋ षि मुनियों का देश है। आज का दिन सरकार ने हर्षोल्लाह, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाने का निर्णय लिया है, यह अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। उन्होंने गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, जिपं उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिक राठौर ने ब्रह्म ध्वज का वंदन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। संस्कृत शिक्षा समिति रीवा द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। धर्मवीर भारती द्वारा लिखित नाटक अंधायुग अश्वत्थामा के अंश भाग की प्रस्तुति तथा वैष्णवी द्विवेदी एवं अंशिका मिश्रा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई, प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। यह कार्यक्रम महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन, मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल एवं जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से आयोजित हुआ।

---

### विधायक बोले, जीवन के लिए जल अत्यंत महत्वपूर्ण, संरक्षित करने सभी से आए आगे

# 3739 जल स्त्रोतों का होगा संवर्धन, भोलगढ़ से जल गंगा सवर्धन की शुरूआत

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में लगातार गिरते जलस्तर और सूखते कुंए, तालाब सहित अन्य जलस्त्रोतों को बचाने में रविवार 30 मार्च से आगामी 30 जून तक के लिए जल गंगा सवर्धन अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में जिले के 3739 जल स्त्रोतों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए संवर्धन कार्य किया जाएगा। रविवार को ग्राम पंचायत बरबसपुर के ग्राम भोलगढ़ से अभियान की शुरूआत अनूपपुर विधायक और पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा है कि जीवन के लिए जल बहुत ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी नागरिक आगे आए। उन्होंने कहा कि तालाबों को सहेजने की आवश्यकता है और सभी को मिलकर प्रयत्न करना होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मप्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहल पर दूसरी बार जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण, प्रकृति तथा जल के संरक्षण के लिए महती भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर विधायक ने रहीम के दोहे ÷रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चुन÷ के माध्यम से जल के महत्व को बताया तथा जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वयं ससन तालाब में श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने आह्वान किया।





### 3739 जल स्रोत के संवर्धन के कार्य स्वीकृत

जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 3739 जल स्रोत के संवर्धन के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें जपं अनूपपुर में 696, जैतहरी में 1205, कोतमा में 529 एवं पुष्पराजगढ़ में 1309 स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों में तालाब, कुआं, बावड़ी सहित अन्य जल स्रोत शामिल हैं। इसके अलावा कलेक्टर ने जलसंरक्षण में जिले में 12 नए अमृत सरोवर के जीणोद्धार के लिए भी जीणशीर्ष जलस्त्रोत को चिह्नित करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यानी आगामी मानसून की बौछार से पूर्व जिले के 1321 जलस्त्रोत संरक्षित और संवर्धित हो जाएंगे।

### जन अभियान परिषद ने चलाया श्रमदान

इधर विधायक ने जल गंगा सर्वधन अभियान की शुरूआत की, वहीं दूसरी ओर जन अभियान परिषद अनूपपुर के जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोन नदी मे सामुहिक श्रमदान किया। इस दौरान नदी के बरबसपुर तट पर फैले कचरे की सफाई में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल की अगुवाई में टीम ने नदी में फैली प्लास्टिक, गाद को खत्म करने श्रमदान किया। कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा नदी देवी स्वरूपा होती है, हम इसमे आते जाते कचरा न डाले हमेशा इसे स्वच्छ व निर्मल रखें जल है तो कल है जल ही जीवन है।

---

### घटो में विराजी आदिशक्ति माता, प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की हुई आराधना

# या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता- मंत्रोच्चारण से आरम्भ हुआ चैत नवरात्र

**विजय मत, अनूपपुर/कोतमा।**

शक्ति उपासना का महापर्व चैत नवरात्र 30 मार्च की सुबह आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप देवी शैलपुत्री की पूजन के साथ आरम्भ हुआ। विशेष मंदिरों में शंख और घंटा-घडियाल की आवाज के साथ 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता÷, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम÷ के मंत्रोच्चारण से जयघोष किए गए। सोमवार को माता आदिशक्ति के दूसरे स्वरूप में ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाएगी। नवरात्र के आरम्भ होते हुए शक्ति के उपासकों में उत्साह बना हुआ है। माता आदिशक्ति का पूजा अर्चना आगामी आठ दिनों तक चलेगा। पुजारी पं. नरेन्द्र प्रसाद तिवारी के अनुसार इस बार मां का आगमन हाथी पर हुआ है और वापसी भी हाथी पर ही होगा। शास्त्रों में मां दुर्गा का हाथी पर आना और वापसी जाना शुभ माना गया है। चैत्र नवरात्रि की घटस्थापना शुभ मुहूर्त 30 मार्च की सुबह 6 बजकर 13 मिनट से सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक। अवधि 4 घंटे 15 मिनट। जबकि घटस्थापना की शुभ अवधि 4 घंटे 08 मिनट की है। घटस्थापना की अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 01 मनट से दोपहर12 बजकर 50 मिनट यानी कलश स्थापना क कुल अवधि 50 मिनट है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम ने चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा की उपासना के बाद रावण का वध करके विजय हासिल किया था। इस मौके पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के रामजानकी मंदिर, सामतपुर तालाब, माई की मढिया मंदिर चचाई, सामतपुर मढिया मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।





### कोतमा नगर में रहा भक्तिमय व आस्था सा माहौल, गूंजे माता की जयकारे

वहीं कोतमा नगर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्तिमय एवं आस्था का माहौल देखने को मिला। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओ द्वारा पूजा की लिए देवी मंदिरों की ओर निकल पड़े। भोर होते ही मंदिरों में जय माता दी और जय मां दुर्गे के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। वहीं शारदा काली मंदिर, बूढी माता मंदिर, धर्मशाला मंदिर, पंचायती मंदिर, गोहंड्रा स्थित काली मंदिर, लहसुई कैंप,गोबिंदा कालोनी देवी मंदिर, ठाकुर बाबा धाम में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिरों के आस-पास चुनरी, प्रसाद और फूलों की दुकानें सजी हुई हैं।

### मंदिरों में घट स्थापना के साथ ज्वारे बोए गए

नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही जवारे बोये गए हैं एवं अखंड ज्योति जलाई गई है। जो पूरे नवरात्र के दौरान 24 घंटे निरंतर जलती है। नगर पालिका के द्वारा मंदिरों के आसपास साफ सफाई तथा मंदिर जाने वाले रास्तों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की हुई है । सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह के द्वारा पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी मंदिरों में लगाई गई है और घूम-घूम कर पेट्रोलिंग की जा रही है ।

---



### शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर सहमति, सुरक्षा के रहेंगे व्यापक इंतजाम

**विजय मत, कोतमा।**

कोतमा नगर में रविवार से आरंभ हुई चैत्र नवरात्र, सोमवार को मनाई जाने वाली ईद के साथ आगामी रामनवमी, झूलेलाल जयंती को देखते हुए रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गणमान्य नागरिकों के द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए। बैठक में नपा अध्यक्ष अजय सराफ, एसडीओपी आरती शाक्य, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी सुंन्द्रेश सिंह, सीएमओ प्रदीप झारिया, मनोज अग्रवाल, इकबाल हुसैन, नवल सराफ, किशोर जैन,मनोज सोनी, मुनेश्वर पांडे, बद्री ताम्रकार, चंदू वारसी, रोशन वारसी सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी से पर्व उत्साह, उमंग व सद्भावना से मनाए जाने की अपील की गई। ईदगाह स्थल पर साफ-सफाई, बैठक, जल तथा प्रकाश व्यवस्था नगर पालिका द्वारा बनाई जाएगी। तहसीलदार ईश्वर प्रधान ने कहा कि पर्व को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पर्व को सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील की गई है। सोमवार को सिंधी धर्मशाला में झूलेलाल जयंती मनाई जाएगी। जुलूस, रैली सहित किसी भी आयोजन की अनुमति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करे।

चांद नजर आने के बाद मुस्लिम समाज के द्वारा ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद के दिन इस्लामगंज मस्जिद, बनिया टोला मस्जिद एवं लहसुई गांव के पास ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी। जिसमें भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र होंगे। नमाज के बाद कब्रिस्तान भी जाएंगे। नगर पालिका द्वारा सभी धार्मिक स्थलों सहित मस्जिदों एवं ईदगाह स्थल पर साफ-सफाई कराई जाएगी। वहीं रविवार से चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है, जिसको लेकर प्रमुख मंदिर जाने वाले रास्तों की साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाएगी। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने बताया कि सुबह से मंदिरो में महिलाएं पूजन के लिए आती है इसके लिए पुलिस कर्मचारियों की सभी प्रमुख मंदिरों में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही नियमित पेट्रोलिंग भी किया जा रहा है।

---

## बस स्टैंड में संचालित शराब दुकान हटाने जाने की मांग

**विजय मत, कोतमा।**

कोतमा नगर के बस स्टैंड बाजार एवं आवासीय परिसर में संचालित शराब दुकान के कारण आए दिन हो रहे विवाद, असामाजिक तत्वों की जमघट होने पर देर रात तक हंगामा से परेशान वार्डवासी एवं महिलाओं के द्वारा प्रदेश मंत्री दिलीप जायसवाल, जिला प्रशासन, सहित स्थानीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए नगर हित में शराब दुकान को हटाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया कि शराब दुकान के कारण आए दिन हो रहे विवाद, हंगामा, शराबखोरों के जमघट लगने से व्यापारी एवं महिलाएं अत्यधिक परेशान हैं। शाम ढलते ही शराब दुकान के सामने भारी भीड़ लग जाती है। चारों तरफ अवैध रूप से मांस का विक्रय करने वाले दुकानो में बैठकर शराब पीकर गाली गलौज करते हैं। शाम के बाद महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। देर रात तक शराब बिक्री की जाती है जिस कारण रात भर हो हल्ला हंगामा के साथ झगड़ा विवाद भी बना रहता है।



ज्ञापन सौंपने वाले प्रदीप उपाध्याय, प्रकाश गुप्ता, डब्बू सिंह, राम लखन, चंदन, धर्मेंद्र, राजेश, लाला, गुड्डू सहित अन्य लोगों ने बताया कि शराब दुकान के कारण दीवाली की रात को पेशेवर अपराधियों के द्वारा घंटों हुड़दंग मचाते हुए त्योहार की खुशी बिगाड़ दिया गया था। पुलिस आने पर ही हुड़दंगी भाग खड़े हुए थे। शराब पीकर हो रहे हंगामा से पूरे नगर की शांति व्यवस्था बिगड़ती रहती है। वही आए दिन गाली गलौज एवं हंगामा के कारण घर में रह रहे बच्चों एवं युवाओं पर भी गलत संस्कार पड़ रहे हैं।

### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन जब्त

अनूपपुर। वैंकटनगर पुलिस ने रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन को जब्त करते हुए सम्बंधित वाहन चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वाहन को जब्त करते हुए थाना परिसर में खड़ा कराया है। चौकी प्रभारी अमरलाल यादव ने बताया कि 30 मार्च को मुखबिर की सूचना पर तिपान नदी के गाड़ाघाट कदमसरा से ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड़ कर नदियाटोला वाले रास्ते से कदमसरा जाने पर छापामार कार्रवाई करते हुए वाहन को रोका गया। जहां चालक ने अपना नाम धर्मेन्द्र सिंह उर्फ वीरन पिता तीरथ सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कदमसरा का होना बताया।

### लापता नाबालिग को पुलिस ने किया दस्तयाब

अनूपपुर। वेंकटनगर चौकी पुलिस ने क्षेत्र से लापता हुई किशोरी को बिछियाड़ांड भालूमाड़ा से दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया है। चौकी प्रभारी अमरलाल यादव ने बताया कि 21 फरवरी को ग्राम वेंकटनगर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 14 वर्ष 11 माह की किशोरी के अचानक घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध को जांच करते हुए अपहर्ता को ग्राम बिछियाड़ाड भालूमाड़ा से 29 मार्च को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया है। एवं आरोपी विधि विरूद्ध बालक को गिरफ्तार कर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेल किशोर न्याय बोर्ड़ अनूपपुर के समक्ष पेश किया गया, जहा से बालक को संप्रेक्षण गृह रीवा दाखिल करने का आदेश पारित किया गया है।

---

**विरोध** अपने अधिकार के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कर्मचारी, दो साल पूर्व हुए भर्ती मामले की दस्तावेजों की जांच कराने की मांग

# नप में हुए संविलियन भर्ती में मस्टररोल कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले की नवगठित नगर परिषद डोला, बनगंवा और डूमरकछार में फर्जी दस्तावेज तैयार कर संविलियन भर्ती मामले में अब यहां कार्यरत मस्टर रोल कर्मचारियों ने विरोध जताया है। साथ ही इन नगरीय क्षेत्रों में हुए संविलियन भर्ती हुए कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में कोर्ट द्वारा कुछ कर्मचारियों को उनका वेतन देने के फैसला के बाद अब फिर क्षेत्र में यह मामला चर्चा में आ गया है। जिसके कारण नगर परिषदों में एक अलग सा माहौल उत्पन्न हो गया है। वहीं डोला, बनगवां, डूमरकछार परिषद के मस्टर रोल कर्मचारी और भर्ती हुए संविलियन कर्मचारी आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। मस्टर रोल कर्मचारी भी संविलियन भर्ती के खिलाफ कोर्ट का रास्ता अपना चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि कोरोना जैसे महामारी के दौरान सभी मस्टर रोल कर्मचारी जान जोखिम में डाल व्यवस्थाओं की पूर्ति कर रहे थे। जिसमें कई कर्मचारियों को तो कोरोना जैसी महामारी से भी आमना सामना हुआ। लेकिन अब कई ऐसे चेहरे जो फर्जी तरीके से संविलियन भर्ती किए गए थे, उनके द्वारा अलग-अलग नगर परिषदों में आकर ठीहा जमाया जा रहा है। जबकि वास्तव में तो जिन कर्मचारियों का संविलियन किया गया है वह कर्मचारी हमारे नगर परिषद क्षेत्र के है ही नहीं। यहां की जनता भी पहचानने से इनकार कर रही है।




### कभी तीनों परिषदों में हुआ करते थे 50-60 कर्मी

बताया जाता है कि इन तीन ग्राम पंचायत को नगर परिषद का दर्जा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्ष 2016/17 में दी गई थी। जहां पर ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले कर्मचारियों को नगर परिषद में सम्मिलित किया जाना था। इन तीन ग्राम पंचायतों पर 50 से 60 कर्मचारी कार्य कर रहे थे। लेकिन सम्मिलित करने की प्रक्रिया के बाद संविलियन जैसा खेल आरंभ हुआ। जहां फर्जी भर्ती संविलियन की प्रक्रिया चालू की गई। इसमें स्थानीय युवाओं को दरकिनार करते हुए बाहरी लोगों को जगह दी गई। जिसका मामला प्रदेश स्तर तक गूंजा, जांच बैठी, शासन स्तर पर आदेश जारी हुए, कई दोषियों पर मामला दर्ज हुए। बावजूद दो साल बाद अब फिर से संविलियन का भूत नगर परिषदों में चर्चा का बिषय बना हुआ है। मस्टर रोल कर्मियों का कहना है कि जिन कर्मचारियों की भर्ती संविलियन के आधार पर की गई है, उन सभी लोगों का सीएम की घोषणा के दो वर्ष पूर्व उनके निर्वाचन आयोग पत्र आधार कार्ड व अन्य कई दस्तावेजों की जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचार का पता चल जाएगा।

### इनका कहना है।

डोला में सचिव के अलावा अन्य 8 दैनिक कर्मचारी थे। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत को नगर परिषद का दर्जा प्राप्त होने पर अन्य जिनकी भी भर्ती संविलियन में की गई हैं वो सचिव ही बता सकते हैं कैसे की गई हैं।

**रविशंकर तिवारी,**
**उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला**

हमारे ग्राम पंचायत में 11 कर्मचारी कार्य कर रहे थे, नगर परिषद में इन्हीं 11 लोगों को शामिल किया जाना था। 71 कैसे हुए सचिव सहित अन्य अधिकारी ही बता सकते हैं।

**चैन सिंह परस्ते,**
**सीएमओ बनगवां**

यह पूरा मामला न्यायालय के अधीन में है समय-समय पर न्यायालय द्वारा जो भी आदेश आते हैं उसे पर कार्य किया जा रहा है।

**डॉ. सुनील कुमार चौरसिया,**
**अध्यक्ष नप डूमरकछार**

दैनिक विजय मत

www.vijaymat.com
भोपाल, सोमवार 31 मार्च 2025



## न्यूज इन शॉर्ट

### श्रद्धेय हेडगेवार जी के विचार और राष्ट्र सेवा के संस्कार मार्गदर्शक रहेंगे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां भारती की सेवा के लिए संकल्पित राष्ट्र सेवकों के संगठन "राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ" के संस्थापक, श्रद्धेय केशव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती पर शत-शत नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र चिंतक, मातृभूमि के गौरव स्व. हेडगेवार का अनुशासित जीवन कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को प्रेरित करता रहेगा। श्रद्धेय हेडगेवार जी के विचार, चिंतन और राष्ट्र सेवा के उनके संस्कार हमारे लिए जीवन पर्यंत मार्गदर्शक बने रहेंगे।

### मिशन लाइफ के लिये ईको क्लब का गठन

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी गतिविधियों, जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों में ईको क्लब गठित किये जाने का निर्देश दिये है। इसके लिये समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। पत्र में निर्देश दिये गये है कि मिशन लाइफ के लिये स्कूलों में ईको क्लब का गठन किया जाये। पर्यावरण संरक्षण पर केन्द्रित आयोजन किये जायें। इन आयोजनों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। मिशन लाईफ के अंतर्गत एनसीईआरटी द्वारा एनआईसीटीई के साथ प्रौद्योगिकी पार्टनर के रूप में एक पोर्टल बनाया गया है। पोर्टल में ईको क्लब की सहायता के लिये मैन्यूअल और डेमो वीडियो तैयार किये गये है। जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र की शालाओं में मिशन लाईफ पोर्टल के उपयोग करने के लिये कहा गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश की शालाओं में प्रदूषण के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये विशेष अभियान चलाने के लिये कहा है। अभियान में रबी की फसल के बाद पराली जलाने से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं कृषि उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ने की जानकारी विद्यार्थियों को देने के लिये कहा गया है। संचालनालय ने कहा है कि विद्यार्थियों को बताया जाये कि पराली जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और अन्य हानिकारक गैसें निकलती है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता और मिट्टी में मौजूद कार्बनिक पदार्थ और सूक्ष्म जीव नष्ट होते है। इससे मिट्टी की उर्वरकता भी कम होती है। इन सभी दुष्प्रभावों को बताने के लिये विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, पोस्टर, प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा के दौरान भी पराली जलाने से निकलने वाले धुएं से साँस लेने में तकलीफ और अन्य सांस संबंधी बीमारियों की भी जानकारी दी जायें।

### बीजेपी फ्यूचर फोर्स की वर्कशॉप के दूसरे दिन, दिल्ली की सांसद ने कहा, राष्ट्र निर्माण में अहम रोल निभा सकते हैं युवा प्रोफेशनल्स

**भोपाल।** डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार, चार्टर्ड अकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी जैसे अलग-अलग क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स को सक्रिय राजनीति में लाने के लिए बीजेपी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इस पहल के तहत भोपाल में पहली वर्कशॉप आयोजित की गई। आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स नामक इस वर्कशॉप के दूसरे दिन, दिल्ली की बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने पहले सत्र में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा सांसदों से कैसी अपेक्षाएं रखते हैं। उन्होंने बताया कि संसदीय कार्यप्रणाली में युवा सांसदों को प्रधानमंत्री प्रशिक्षण, सलाह और सुझाव देते हैं। इसके अलावा, व्यक्तित्व विकास और नीति निर्माण (पॉलिसी मेकिंग) में उनकी भागीदारी को लेकर प्रधानमंत्री लगातार संवाद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में भाजपा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। पहले सत्र के बाद, सांसद बांसुरी स्वराज ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ मन की बात का प्रसारण सुना। इसके बाद उन्होंने युवा प्रोफेशनल्स से सवाल-जवाब किए। अगले सत्र में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिर्बान गांगुली ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के समय से लेकर वर्तमान में मोदी शासन तक भाजपा के सफर के बारे में बताया। इस वर्कशॉप में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी जुडना था, लेकिन दिल्ली में व्यस्तता के कारण वे सत्र में शामिल नहीं हो सके।

# आईएम बीजेपी फ्यूचर टीम के साथ वीडी और बांसुरी स्वराज ने सुनी मन की बात

## महुआ कुकीज का भी हुआ जिक्र

**विजय मत, भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को प्रसारण हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सांसद बांसुरी स्वराज ने श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आईएम बीजेपी फ्यूचर टीम के साथ कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के दिंदवाड़ा जिले में आदिवासी क्षेत्र में महुआ के फूल से बने कुकीज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे गावों और आदिसी समुदायों में महुआ के फूलों का महत्व गहरा है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के राजाखोह गांव में चार बहनों ने महुआ के फूलों से कुकीज बनाने की पहल की है। यह कुकीज अब बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस प्रयास से प्रेरित होकर गांव की कई महिलाएं जुड़ीं और अब इन महुआ कुकीज की मांग तेजी से बढ़ रही है। एक बड़ी कंपनी ने इन महिलाओं को अपनी फैक्ट्री में काम करने की ट्रेनिंग दी, जिससे इस पहल को और गति मिली। पीएम मोदी ने जल संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने देशवासियों से घर के बाहर पक्षियों के लिए पानी रखने की भी अपील की और तालाब नदी संरक्षण का आह्वान किया।



### समाज की भावना का सम्मान करना चाहिए: वीडी

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि फ्यूचर फोर्स एक ऐसा अभियान है, जिसमें वे युवा जुड़ रहे हैं जिनका राजनीति से पहले कोई संबंध नहीं रहा। उन्होंने कहा कि हमने सभी प्रकार के इंटेलेक्चुअल से बातचीत की है और 125 लोगों को सिलेक्ट किया गया है। हम लोकसभा और एक्सपर्ट के साथ इन युवाओं को संवाद करने का अवसर देंगे। वहीं, नवरात्रि में मांस की दुकानों को बंद करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पवित्र पर्व है, और इस दौरान समाज की भावनाओं को समझना और सम्मानित करना चाहिए। हमें यह सोचना चाहिए कि समाज क्या चाहता है। अगर लोग मांस की दुकानों को बंद करने की मांग कर रहे हैं, तो इस पर ध्यान देना चाहिए।

***मन की बात कार्यक्रम बहुत आशावादी प्रोग्राम है- बांसुरी स्वराज...*** *सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम बहुत आशावादी प्रोग्राम है और आज की मन की बात बहुत प्रेरणादायक थी। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के बच्चों के बारे में भी महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने सभी संस्थाओं को अपने समर कैंप के बारे में पोस्ट करने का सुझाव दिया। बच्चों को भी समर के साथ अपनी समर वेकेशन की पोस्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी ने महुआ के फूल की यात्रा के बारे में बताया, साथ ही कृष्ण कमल के फूल का भी जिक्र किया और मैथ्यूज के प्रेरणादायक पत्र को भी साझा किया। सांसद बांसुरी स्वराज ने युवाओं से आह्वान किया कि मैं युवाओं से अपील करती हूं कि वे पीएम मोदी के मन की बात प्रोग्राम को नियमित रूप से सुनें। इससे उन्हें ज्ञान प्राप्त होगा और आशाओं का संचार होगा। उन्होंने कहा कि मैंने आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स बूट कैंप में आने का सौभाग्य प्राप्त किया, जहां मैंने कई प्रोफेशनल्स के साथ बातचीत की। मैं युवाओं से माय पोर्टल पर जुड़ने की अपील करती हूं।*

## मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष मनाया जाएगा विक्रमोत्सवः सांसद शर्मा

# युवा पीढ़ी को नव संवत्सर मनाने के लिए हर स्तर पर पहुंचानी होगी जानकारी : देवड़ा

- राजधानी भोपाल के शास. सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ विक्रमोत्सव-2025 का आयोजन

**विजय मत, भोपाल**





उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नव संवत्सर मनाने के लिये प्रदेश के ग्रामीण स्तर तक नव वर्ष की जानकारी पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिपदा, नव संवत्सर, हिन्दू नव वर्ष और गुड़ी पड़वा आज चैत्र नवरात्र से शुरू होता है। आज का दिन सूर्य उपासना का दिन है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। यह जानकारी नई पीढ़ी को मिले, इसलिए इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए। उप मुख्यमंत्री देवड़ा भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव-2025 कोटि सूर्योपासना के जिला स्तरीय आयोजन को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का आज शुभ दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप से पूरे प्रदेश में मनाने का जो बीड़ा उठाया है, वो सराहनीय है। उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।

देवड़ा ने कहा कि यह नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो और देश-प्रदेश आगे बढ़े। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल बने। इसके लिये हम सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हम प्रतिवर्ष विक्रमोत्सव मनाएंगे। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर के बाद जिस पहली जनवरी को न्यू ईयर मनाया जाता है, उसका कोई इतिहास नहीं है। नव संवत्सर हमारा विजय दिवस है, शक्ति आराधना दिन है। हम सभी को आज अपने-अपने घर पर विजय पताका फहराना है।

सांसद शर्मा ने कहा कि दुनिया जिस कैलेन्डर पर चल रही है, उससे 57 साल पहले हमारा कैलेण्डर आ चुका था। आज से हम सभी 9 दिन माँ की आराधना अलग-अलग तरीके से कर ऊर्जा प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री नवरात्र पर नौ दिन व्रत के दौरान सिर्फ नींबू पानी पर रहते हैं। प्रधानमंत्री दुनिया के किसी भी कोने में जाते हैं तो वहां मंदिरों का भ्रमण भी करते हैं और भारत की संस्कृति और योग की बात करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर ब्रह्मध्वज वंदना के साथ किया गया। इस दौरान सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीय नृत्य नाट्य की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दोस्त बनकर दगा देना मुस्लिमों का इतिहास रहा है: ध्रुवनारायण

- पूर्व विधायक ने लव जेहाद करने वालों के लिए आजीवन कारावास देने की मांग की

**विजय मत,भोपाल**



भाजपा के पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह ने मुस्लिम बहुल इलाकों में हो रहे हिंदुओं के पलायन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयानों का समर्थन करते हुए कहा-मुस्लिम बहुल इलाकों से हिन्दुओं का पलायन लोगों की नजर में अब आया है,लेकिन यह वर्षों से चल रहा है। 100 हिंदू परिवारों के बीच एक मुस्लिम खुशी से रह सकता है लेकिन 10 हिंदू भी 50 मुस्लिम के साथ नहीं रह सकता। मुस्लिम डोमिनेशन वाली जगहों पर हिंदुओं का जीना बहुत मुश्किल है। यहां मुस्लिमों का दबाव रहता है। अपने घर को परिवार को बचाने के लिए हिन्दू पलायन कर रहा है। सरकार हिन्दुओं को संरक्षण दे ताकि हिंदू अपने पुस्तैनी घरों में रह सकें।

वे बोले- पलायन से डेमोग्राफिक (जनसांख्यिकीय) बदलाव हो रहा। जिसका असर राजनीतिक परिस्थितियों में हो रहा है जो कि देश विभाजन तक पहुंचता है। उन्होंने कहा -पहले भोपाल को लोग नवाबों का शहर मानते थे लेकिन ये मूलतः राजा भोज का शहर है। मैं जब पर्यटन विकास निगम का अध्यक्ष था, तब बड़े तालाब में राजा भोज की प्रतिमा स्थापित कराई गई। जिसके बाद भोपाल की पहचान दुनिया भर में राजा भोज के नाम से होने लगी। एयरपोर्ट उन्हीं के नाम से बना। मुस्लिमों को दगाबाज कहते हुए भाजपा के कद्दावर नेता ने यह भी कहा कि दोस्त मोहम्मद ने रानी कमलापति को दगा देकर सत्ता हथियाई थी। जो उसे अपना भाई मानतीं थीं। आज सामाजिक चेतना की जरूरत है। ममता, अखिलेश, स्टालिन, लालू की पार्टियां विभाजित करने में लगी है। हिंदू वोट विभाजित कर ये लोग सत्ता प्राप्त करना चाहते है।

लव जिहाद से मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल से लेकर यूपी बिहार तक लोग पीड़ित है। लव जिहाद के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा होनी चाहिए। मुस्लिम हिंदुओं के नाम से फेसबुक चला रहे हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहना होगा। ऐसे लोग भोली भाली बेटियों की जिन्दगी को नरक बना देते हैं।

## सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का 93 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में वहन करेगी: तोमर

**विजय मत, भोपाल**

नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमश- 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा।

तोमर ने बताया कि सरकार द्वारालिये गये निर्णय के अनुसार कृषिउपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि( रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्तानुसार सब्सिडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि28,480 रूपये, 5 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि50,921 रूपये और 10 हॉर्स पॉवर पम्प के लिये कुल राशि1,08,155 रूपये का भुगतान सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। इस घोषणा से कृषिउपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशिही जमा करनी होगी। शेष 93 प्रतिशत राशिसरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषिउपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।


राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषिश्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रूपये का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रूपये का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ता जिनको सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है, उनकी संख्या पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ 7 लाख है।

## भोपाल, इंदौर सहित चार नगर निगमों को मिलेगी विशेष निधि, पिछले वर्ष की तुलना में 15% अधिक राशि वसूली

**भोपाल।** राजधानी सहित चार नगर निगमों को 50 करोड़ रुपए से लेकर सौ करोड़ रुपए तक विशेष निधि मिलेगी। इन निकायों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 15 प्रतिशत अधिक राशि वसूल की है। पंद्रहवें वित्त आयोग ने उन निकायों को विशेष अनुदान के रूप में 50 करोड़ से लेकर सौ करोड़ रुपए तक देने का वादा किया है। यह राशि निकायों के इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन को मजबूत करने में उपयोग की जाएगी। प्रदेश में नगरीय निकाय बकायादारों से वसूली के लिए विभिन्न प्रयास कर रहे हैं। अब तक 2800 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है और अगले तीन दिनों में 3300 करोड़ रुपए से अधिक राशि वसूलने का अनुमान है। इस राशि को प्रदेश के 413 निकायों में वितरित किया जाएगा।

## समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें: राजपूत

**विजय मत, भोपाल**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अत- रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए।

मंत्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण अति शीघ्र करवायें।

कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भण्डारण के लिये जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भण्डारित गेहूँ को समितियों के माध्यम से गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भण्डारित करायें और उसे तिरपाल से कवर करवायें। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने केन्द्र पर उपस्थित रहकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## आदेश की नाफरमानी कर बुरे फंसे जिला शिक्षा अधिकारी, कोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

**विजय मत, ब्यूरो, जबलपुर**



जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से आदेश का पालन नहीं किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई थी। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी को हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए हैं। याचिका पर अगली सुनवाई आठ अप्रैल को तय की गई है।

जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका मुन्नी जैन, कोमल प्रसाद, राजकुमारी, कृपाल सिंह, विष्णु गिरि गोस्वामी और लखनलाल झारिया की तरफ से उक्त याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि उनको तीन सौ दिन का अर्जित अवकाश भुगतान नहीं किया गया था। जिसे चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनके पक्ष में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर ने मनमानी करते हुए आदेश का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित नहीं किया। जिससे व्यथित होकर अवमानना याचिका दायर की गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान एकल पीठ को बताया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने पूर्व में पारित आदेश का पूर्ण रूप से परिपालन नहीं किया है।

**खास-खबर** 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में हुए शामिल

## मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार सुरक्षित स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक : शुक्ल

**विजय मत, भोपाल**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हेल्थ केयर क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता से निरंतर प्रगति हो रही है। मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी लाभ मिलता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के जबलपुर चेप्टर द्वारा होटल विजन महल में 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हज़ार और पीजी में 5 हज़ार सीट की वृद्धि की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है और डॉक्टरों के लिए बेहतर प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक, मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है और 2047 तक अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़कर भारत शीर्ष पर पहुँचेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने सेमिनार में आए निष्कर्षों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

पूर्व मंत्री और विधायक अजय बिश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है। एलोपैथी में नई खोजों से पीड़ित मानवता की सेवा होती है। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान एआईपी के प्रेसिडेंट डॉ. नवीन शर्मा, सचिव डॉ. अभिषेक तिवारी, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद रहे।

## स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का किया निरीक्षण



**विजय मत, भोपाल**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को नरसिंहपुर जिले के शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने एक अप्रैल से नये शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्कूल प्रशासन ने बताया कि कन्या शाला में करीब एक हजार छात्राओं के नाम अध्ययन के लिये दर्ज है।

मंत्री सिंह ने शाला भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन काम गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जायें। मंत्री सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से एक अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक चलने वाले स्कूल चलें हम अभियान और प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी उनके साथ थे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com